

डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23

# झुग्गी झोपड़ी

हिन्दी दैनिक प्रयागराज से प्रकाशित हम बनेंगे आपकी आवाज

Website : www.jhuggijhopri.com www.jjnews.in प्रयागराज,सोमवार 27 फरवरी,2023 वर्ष–07 / अंक–284 प्रष्ठ–08 / मूल्य–2 रूपये

## रायपुर अधिवेशन 2024 की भूमिका के लिए तैयार होती दिखी कांग्रेस, नेता के तौर पर राहुल गांधी की दावेदारी मजबूत



भाजपा ने 2019 का लोकसभा का चुनाव जीतने के साथ ही 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी थी। तब से लेकर अब तक वह इस तरह का माहौल बनाती रही कि मानो विपक्ष की ओर से उसके सामने कोई चुनौती ही नहीं है, लेकिन राहुल गांधी की श्भारत जोड़ो यात्राश ने पूरे देश में एक माहौल खड़ा करने का काम किया। कांग्रेस के रायपुर अधिवेशन ने उस यात्रा की दावेदारी को एक श्मोर्चाबंदीश के रूप में पेश करने का काम किया है।

रायपुर अधिवेशन से पार्टी ने न केवल यह संकेत दे दिया है कि वह 2024 में पीएम नरेंद्र मोदी को श्वाक ओवरश देने को तैयार नहीं है, बल्कि वह राहुल गांधी को भी विपक्ष के नेता के तौर पेश करने की दावेदारी करती हुई दिखाई पड़ रही है।

सबसे जुड़ने की कोशिश करते दिखे राहुल

राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भी आम लोगों से स्वयं को जोड़ने की कोशिश करते दिखाई पड़े थे। रायपुर अधिवेशन में भी उन्होंने अपने आपको इसी रूप में पेश करने की कोशिश की। अपने पास एक घर तक न होने की बात कहकर वे अपने को उन गरीबों से जोड़ने की कोशिश करते हुए दिखाई पड़े जो विकास के तमाम दावों के बावजूद आज भी किसी सुख–साधन की सुविधा से वंचित हैं। इतिहास बताता है कि इस तरह की भावुक और संवेदनशील अपील जनता के बीच बेहद कारगर साबित हुई है।

अपनी जिम्मेदारी का एहसास

इस अधिवेशन में एक बात बहुत साफ तौर पर दिखाई पड़ी कि कांग्रेस नेतृत्व अपनी जिम्मेदारी को बखूबी समझ रहा है। प्रियंका गांधी ने कहा कि यह कांग्रेस की जिम्मेदारी है कि वह उन लोगों को एक मंच उपलब्ध कराए, जिन्हें किसी भी कारण से यह लगता है कि देश में कुछ गलत हो रहा है और उसे ठीक करने की जरूरत है। यानी कांग्रेस गैर–भाजपाई विचारधारा के लोगों को अपनी छतरी के नीचे लेने के लिए न केवल तैयार है, बल्कि आवश्यकतानुसार वह कुछ समझौते करने के लिए भी तैयार है। नीतीश कुमार जैसे नेता कांग्रेस को लगातार अपनी इसी भूमिका को समझने और उसके अनुसार कार्य करने के लिए तैयार होने की बात कहते रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि कांग्रेस नेतृत्व अपनी रणनीति में कामयाब रहा और वह स्वयं को विपक्षी अगुवा के रूप में पेश कर पाया तो अगले चुनाव में रोचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। महागठबंधन का रुख बताता है कि अब कांग्रेस को विपक्ष के अगुवा के रूप में दावेदारी करने में ज्यादा परेशानी सामने नहीं आएगी। ध्यान देने की बात है कि पीएम नरेंद्र मोदी की करिश्माई सफलता के बाद भी भाजपा 2019 के लोकसभा चुनाव में 37.43 प्रतिशत वोट ही हासिल कर पाई थी। यानी लगभग 63–64 प्रतिशत गैर–भाजपाई विचारधारा के मतदाताओं की पसंद दूसरे दल रहे। यदि कांग्रेस इन्हें सहेजने में सफल रहे तो पलड़ा किसी भी ओर झुक सकता है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रायपुर अधिवेशन में मनुवाद का मुद्दा उठाकर यह बता दिया है कि वे नीतीश कुमार–तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव के साथ सुर में सुर मिलाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने छह मार्च को अदाणी विवाद पर राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन करने की बात कहकर यह भी साफ कर दिया है कि कांग्रेस इस बड़े अवसर को अपने हाथ से जाने देने के लिए तैयार नहीं है। वह मजबूती से इन मुद्दों के साथ जमीन पर उतरेगी।

ग्रेस बन सकती है विपक्ष की आवाज

वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष ने अमर उजाला से कहा कि भाजपा इस तरह का माहौल बनाने की कोशिश करती है जैसे उसके सामने कोई चुनौती नहीं है। सच्चाई यह नहीं है। दिल्ली–पंजाब और पश्चिम बंगाल में भाजपा की इसी तरह की कोशिश पूरी तरह निष्फल साबित हुई है। आज कांग्रेस अपने को विपक्ष के अगुवा के तौर पर तैयार करती दिखाई पड़ रही है। आज भी महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, त्रिपुरा, केरल और तमिलनाडु में अनेक दल कांग्रेस के साथ खड़े हैं। समय के साथ दूसरे राज्यों में दूसरे दल भी उसके साथ आ सकते हैं।

बड़ा प्रश्न इस बात का रहा है कि क्या विपक्ष को राहुल गांधी नेता के तौर पर स्वीकार होंगे? ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल जैसे नेता इसी बात पर कांग्रेस से बिदकते रहे हैं। यदि 2024 में लोकसभा चुनाव के बाद किसी दल को बहुमत न मिले तो इन दलों के पास कांग्रेस के अलावा किसी दूसरे दल के साथ जाने का विकल्प नहीं होगा।

## ठा. बांकेबिहारी के दर्शन को पहुंचे बॉलीवुड अभिनेता जिम्मी शेरगिल



– बॉलीवुड अभिनेता जिम्मी शेरगिल अपनी धार्मिक यात्रा पर धर्म नगरी वृंदावन पहुंचे। यहां उन्होंने जग प्रसिद्ध ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में ठाकुरजी के दर्शन और पूजा अर्चना कर आशीर्वाद ग्रहण किया। मंदिर के सेवायत मयंक गोस्वामी बंटू महाराज ने उन्हें पूजन कराया। वहीं अन्य सेवायत गोस्वामियों ने उनका माल्यार्पण, पटुका एवं प्रसादी भेंट कर स्वागत किया।

## 2 साल से फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गिरफ्तार

मथुरा– थाना बरसाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. मुखबिर की सूचना पर थाना बरसाना पर 2 साल से लगातार छठॅ में वांछित चल रहे हिस्ट्रीशीटर शौकीन पुत्र गुट्टन निवासी ग्राम हाथिया थाना बरसाना जिला मथुरा को सहार चौकी क्षेत्रान्तर्गत गाँव बझेड़ा के जंगलों से पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है. वहीं घायल अभियुक्त को उपचार हेतु सी0एच0सी0 बरसाना भेजा गया. गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है ।अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है.।



## राष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत बसोरो से मिलने पहुंचे धरना स्थल रीवा





रीवा! कलेक्ट्रेट कार्यालय रीवा के सामने अपनी मांगों को लेकर बसोर समाज द्वारा 6 अक्टूबर 2022 से लगातार धरना चल रहा है लेकिन प्रशासन द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है जहा पर राष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत बसोर समाज के धरने पर पहुंचकर लोगों से मुलाकात की, और उनके समर्थन में प्रशासन से उचित न्याय की मांग की।

आप को बता दे कि आज गुढ़ में होने जा रहे किसान महापंचायत सम्मेलन में पहुंचने से पहले राकेश टिकैत रीवा पहुंचे। जहा पर रीवा में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने लगभग 3 माह से चल रहे बसोर समाज के धरने में पहुंचकर राकेश टिकैत ने धरने में बैठे लोगों से मुलाकात की। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए राष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत ने बताया अब किसान आंदोलन करने को मजबूर है आंदोलन के बाद ही किसानों को उनका हक मिल सकता है उन्होंने कहा कि यह केंद्र की सरकार किसानों की बात नहीं सुनती है मध्य प्रदेश सरकार के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि यह सरकार लुटेरी सरकार है किसानों को उनका हक मारकर कर उद्योगपतियों को बढ़ावा दे रही है किसानों को सिर्फ लॉलीपॉप दे रही है किसानों को एक रुपए भी सरकार के द्वारा मुआवजा नहीं दिया जा रहा है

उस दौरान संयुक्त किसान के संयोजक व एडवोकेट शिव सिंह,रामजीत सिंह, अनूप सिंह धोनी, किसान नेता अनिल सिंह, प्रदीप बशोर, शोभनाथ कुशवाहा, इंद्रजीत उर्फ शंखू,किसान नेत्री महिला आशा तिवारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ के चुनाव परिणाम घोषित





लखनऊ

देर रात तक हुई मतगणना सतीश कुमार पाण्डेय बने निर्विरोध अध्यक्ष

राम कुमार धानुक बने महामंत्री

लखनऊ 24 फरवरी जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ के संपन्न हुए चुनाव में देर रात तक चली मतगणना के बाद अंतिम रूप से निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की गई ।सतीश कुमार पाण्डेय 11वीं बार जीत दर्ज करते हुए जबरदस्त तरीके से 12वीं बाद में निर्विरोध रूप से चुने गए हैं। महामंत्री पद पर रामकुमार धानुक ने 1186 मत पाकर जीत दर्ज की है। उपाध्यक्ष पद पर दिव्या रानी ,उमंग निगम, अमित खरे ,कर्मेंद्र कुमार एवम पंकज यादव ने जीत दर्ज की है ।मंत्री पद पर सुमन यादव ,अमित कुमार शुक्ला ,अनुराग तिवारी, प्रमोद कुमार यादव ,संजय शुक्ला और रामबदल दुबे निर्विरोध रूप से निर्वाचित हुए हैं ।संगठन मंत्री पद पर रितिका शर्मा, अभिनव त्रिपाठी, रघुराज सिंह ,हेमंत कुमार, जगत नारायण सिंह एवम जलीस खान विजयी घोषित किए गए हैं। कोषाध्यक्ष पद पर संजीव सक्सेना तथा संप्रेशक पद पर अनुराग सिंह निर्विरोध रूप से निर्वाचित घोषित हुए हैं। प्रचार मंत्री के पद पर रामेंद्र मिश्रा, सफीकुर रहमान अंसारी ,वारिस हैदर, आशीष कुमार त्रिपाठी तथा मनमोहन कनौजिया निर्विरोध रूप से निर्वाचित घोषित किए गए हैं।

## पैसे को लेकर चाट दुकानदार से मारपीट एक कि मौत



प्रयागराज थरवई थाना क्षेत्र के पंडिला महादेब जी मन्दिर के पास शुक्रवार को एक चाट ब्यवसाई से कुछ युवाओं के झुण्ड ने पैसे को लेकर मारपीट की जिसमे मामला गम्भीर हो गया मारपीट में दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये व इलाज के दौरान मंजय कुमार (24)पुत्र प्रेमनाथ ग्राम खानपुर मऊआइमा की मौत हो गयी हैं सूत्रों के अनुसार चाट ब्यवसाई अपने दुकान पर थे तभी झुण्ड में आये उवको ने चाट मागा खाने के बाद अपशब्द व गाली गलौज देने लगे और मारपीट हुई सूचना मिलते ही डायल 112 व थरवई पुलिस मौके पर पहुँच गयी और घायलों को इलाज के लिए भेज दिया व तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही हैं घटना की सूचना मिलने पर एसीपी थरवई जंगबहादुर यादव घटना स्थल पर पहुचे ओर जांच पड़ताल की जानकारी अनुसार पंडिला महादेब जी मे निशान के साथ डीजे आते हैं जिसमे नशोड़ी किस्म के युवा शामिल होते हैं डीजे में कम्पटीशन व फूहड़ गाने आदि बस्ती में बजाते हैं जिससे स्थानिय लोगो को दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं । कई बार शिकायत के बाद भी डीजे प्रतिबन्ध नही किया गया है खबर लिखे जाने तक तहरीर नही दी गयी थी ।

## पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न





एट (जालौन) होली और शवेरात को देखते हुए कोटरा थाना पुलिस के एस0 एच0 ओ0 कृष्णपाल सरोज ने थाना क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों एवं नगर के सभ्रान्त नागरिकों को बुलाकर एक आवश्यक मीटिंग की जिसमें सभी से अपील की गई कि अपने अपने गाँवों में होली मिलन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो वरना निष्चित तौर पर कार्यवाही की जाएगी चूँकि उसी समय मुस्लिम त्योहार शवे रात है अतः सभी लोग मिलजुल सुहेर्दैता पूर्वक त्योहार मनायें। मुख्य बात डी0 जे0 साउंड को लेकर हुई जिसकी बजह से बच्चों की पढ़ाई वाधित तथा शत प्रतिशत लड़ाई झगड़े की आशंका रहती है। अतः इस पर लगाम लगाने की खास जरूरत है। सभी से अनुरोध किया गया के शांतिपूर्वक त्यौहार मनाए अगर कहीं कोई अराजक तत्व की सूचना मिलती है तो तुरंत पुलिस को सूचित कराएं इस मौके पर ग्रामप्रधान सिकरी, प्रधान बरसार, प्रधान येधा प्रधान विनोरा,सैदनगर से लियाकत अली,तथा लखन फौजी प्रधान छिरावली और कोटरा से पूर्व चेयरमैन बुधौलिया, सदर बन्ने खान, हाफिज इस्माईल, नगरपंचायत से महेश यागिक,विद्युत विभाग से मनोज तथा विजय वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## समरस फाउंडेशन ने किया वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

मुंबई। महानगर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था, समरस फाऊंडेशन द्वारा ओमावती शर्मा, भूतपूर्व प्रधानाध्यापिका हिमांचल प्रदेश और प्रेसिडेंट महिला लाफिंग क्लब ठाकुर व्हिलेज कांदीवली और रिटायर्ड एयरफोर्स के के शर्मा की पत्नी का सम्मान किया गया। संस्था के वरिष्ठ सलाहकार कपिलदेव शर्मा ने दोनों लोगों का शॉल तथा पुष्प गुच्छ द्वारा सम्मान किया।



# कांग्रेस के 85 वें महाधिवेशन ( रायपुर छत्तीसगढ़) में श्रीमती प्रियंका गांधी जी का संबोधन



श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा ने महाधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि मंच पर उपस्थित सभी नेतागण, कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी, श्री राहुल गांधी और तमाम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के डेलीगेट्स, आज हम सब यहां उपस्थित हैं और हमें ये पहचानने की जरूरत है कि हमारे संगठन के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती है। उस चुनौती का सामना हम कैसे करेंगे, इसी के लिए हम इकट्ठे हुए हैं और तीन दिनों से चर्चा चल रही है, इसके बारे में कुछ एक–दो अपनी बातें कहना चाहती हूं। खासतौर से उन कार्यकर्ताओं के लिए जो देश भर में हैं, लेकिन आज यहां उपस्थित नहीं है। देखिए कांग्रेस का कार्यकर्ता कौन हैदृ वो अनोखेलाल हैं, जो इस झण्ध्डे को लेकर कन्ध्याकुमारी से कश्ध्मीर तक चले। वो दिनेश है, जो आज दिख नहीं रहा है, जो इसी तरह से देश के ध्ध्वज को लेकर नंगे पांव चला। कल किसी ने नसीब पठान जी का नाम लिया, उत्तर प्रदेश के एक नेता थे, आजीवन कांग्रेस के प्रति उन्ध्होंने निष्ध्ठा दिखाई, उसी तरह से मैं कई नाम ले सकती हूं। कल जब शोक प्रस्ध्ताव हुआ, ईश्ध्वर चंद्र शुक्ध्ला जी का नाम लिया, लेकिन ईश्ध्वर चंद्र शुक्ध्ला जी, उनको टिकट नहीं मिला चुनाव में, फिर भी उन्होंने प्रचार किए और प्रचार करते–करते उनका देहांत हुआ, मैं पच्ध्चू पासी का नाम ले सकती हूं जो रोज सुबह वही सफेद जूते पहनकर गांव–गांव जाते थे, कांग्रेस के लिए प्रचार करते थे, कांग्रेस का झण्ध्डा फहराया करते थे, उनका भी देहांत हुआ।

यूपी में हम मजाक में कहते हैं कि एक लाइफलॉन्ग कांग्रेस सफरर होता है, जो यूपी के कार्यकर्ता हैं, वे समझेंगे ये बात। जो कार्यकर्ता आजीवन अपने वजूद के लिए संघर्ष करता है, मैं आज थोड़ा उसके पक्ष में बोलना चाहती हूं और मैं कहना चाहती हूं कि जब भी हम ऐसे इकट्ठे होते हैं, तो हम नए–नए प्रस्ध्ताव लाते हैं और ये सही है, हमने कहा है मंडल तक हमें अपना संगठन बनाना है, ब्ध्लॉक तक बनाना है, नए लोगों को जोड़ना है, लेकिन ये कर्मकाण्ध्ड नहीं होना चाहिए, ये प्रस्ध्ताव कागज पर नहीं रहना चाहिए, इसको करने के लिए हम सबकी जिम्ध्मेदारी बनती है कि हम गांव–गांव जाएं, ब्ध्लॉक–ब्ध्लॉक जाएं और अपने संगठन को मजबूत बनाएं।

भारत जोड़ो यात्रा निकली, श्री राहुल गांधी बैठे हैं, उन्ध्होंने कांग्रेस की विचारधारा की एक लंबी लकीर खींचकर दिखाई। जो बहुत समय से नहीं हुआ था, उन्ध्होंने करके दिखाया। पूरे देश ने देखा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता, कांग्रेस का नेता किसलिए खड़ा है, किस विचारधारा के लिए लड़ रहा है, उस विचारधारा का मतलब क्ध्या है, ये काम भारत जोड़ो यात्रा ने किया। देश भर से लोग आए, कन्ध्याकुमारी में आए, केरल में आए, मध्ध्यप्रदेश में आए हर जगह जहां–जहां यात्रा गई, वहां आए।

जब कश्ध्मीर में थे, तो मैं कुछ महिलाओं के साथ खड़ी थी, यात्रा का इंतजार कर रहे थे हम, उन महिलाओं ने मुझे कहा कि 3 सालों तक उनको घर से निकलने की हिम्ध्मत नहीं थी, लेकिन इस यात्रा ने उन्ध्हें हिम्ध्मत दी, वे बाहर आईं।

तो ये हिम्ध्मत दिलाना, ये हम कांग्रेसजनों का काम है, जो समझ रहे हैं कि देश में गलत हो रहा है, जो देश की राजनीति को देखकर समझ रहे हैं कि जो हो रहा है, वो ठीक नहीं है। उनको एक प्ध्लेटफॉर्म देना, उनकी आवाज को बुलन्ध्द करना, हमारा काम है। जो नहीं समझ रहे हैं, उन्ध्हें भी समझाना, उनके पास जाना हमारा काम है।

तो एक बहुत बड़ी जिम्ध्मेदारी है, हमें अपने गिले–शिकवे दूर करने पड़ेंगे, एकजुट होकर लड़ना पड़ेगा। हमें दिखाना पड़ेगा इस देश को कि आज नौजवानों के पास रोजगार नहीं है। जितने भी विज्ञापन हैं, जो भी दिखा रहे हों, जहां–जहां हम जाते हैं, रोजगार नहीं है। रोजगार क्ध्या, जो नौजवान परीक्षा देते हैं भर्ती के लिए, वो घोटालों में उलझे हुए हैं, उसके लिए क्ध्या प्रस्ध्ताव है हमारा।

कांग्रेस पार्टी इन तीन दिनों में जितने भी प्रस्ध्ताव ला रही है, जैसे– किसानों के लिए, मैं आज पढ़ रही थी कि एक प्रस्ध्ताव है न्ध्याय योजना की तरह हमें किसानों के लिए एक योजना बनानी है। तो ये सब बातें पब्लिक तक पहुंचाना हमारा काम है और इसमें आपकी बहुत अहमियत है। तो एक साथ हमें काम करना पड़ेगा, चाहे महिलाओं के लिए, उनके विकास के लिए, चाहे ये समझाना कि जबकि देश का किसान आज कर्ज में डूब रहा है, मुश्किलों से घिरा हुआ है, लेकिन जमीन प्रधानमंत्री जी अपने दोस्ध्तों को मुफ्त में दिलवा रहे हैं। आज हमें देश को दिखाना पड़ेगा कि किस तरह कुछ गिने–चुने उद्योगपति आगे बढ़े जा रहे हैं, उनकी आमदनी दोगुनी–तिगुनी बढ़ती जा रही है और किसान की आमदनी कम होती जा रही है, नौजवानों के रोजगार कम होते चले जा रहे हैं, महंगाई बढ़ती जा रही है, किसानों के कर्ज माफ नहीं होते, लेकिन बड़े–बड़े उद्योगपतियों के होते हैं, ये सब बातें हमें पब्लिक में ले जानी हैं।

अब हमारे पास सिर्फ एक साल बचा है, हमसे उम्ध्मीदें हैं। ये उम्ध्मीद है कि हम एकजुट हों कि जितनी भी पार्टियां हैं, जितने भी दल हैं, जितने भी लोग हैं, जिनकी विचारधारा इनसे विपरीत है, वो आगे आएं, एकजुट होकर लड़ें। सबसे उम्ध्मीद है, लेकिन सबसे ज्ध्यादा उम्ध्मीद कांग्रेस पार्टी से है, आज और मैं जानती हूं हम इस उम्ध्मीद पर खरे उतर सकते हैं कि आपकी मेहनत से हमारी मेहनत से, हमारी एकजुटता से, हमारे समर्पण से और अपने संविधान के प्रति हमारी निष्ध्ठा से हम सब इस काम को करके दिखा सकते हैं।

तो आज जब आप यहां से जाएंगे, घर–घर जाएंगे, अपने–अपने क्षेत्र में जाएंगे, तो आप नए लोगों को जोड़िध्ए। नए लोग जुड़ते कैसे हैंदृ विचारधारा से जुड़ते हैं, जज्बातों से जुड़ते हैं और आपकी मिसाल से जुड़ते हैं। तो हमें मिसाल बनना चाहिए कि राजनीति कैसे होनी चाहिए, कि किस तरह से हमें अपनी राजनीति करनी है।

जब–जब चुनाव आता है तो ऐसे मुद्दे उठते हैं, जिनसे जनता का कोई मतलब नहीं हैं। क्ध्यों कह रही हूं कि 'मतलब नहीं है', क्ध्योंकि जब रोजगार की बात होती है, युवाओं की बात होती है, महंगाई की बात होती है तो इन मुद्दों पर चुनाव लड़े जाने चाहिए कि किस तरह से विकास होगा। भविष्ध्य में हम क्ध्या प्रस्ध्ताव रख रहे हैं, कौन से सकारात्ध्मक कदम हम उठाने जा रहे हैं। ये हमारी राजनीति होनी चाहिए और आज–कल की जो राजनीति है, जो देश का माहौल है, जो नकारात्ध्मकता है, उससे हमें ऊपर उठना पड़ेगा और हमें सकारात्ध्मक तरह से भविष्ध्य के लिए अपने प्रस्ध्ताव रखने पड़ेंगे और अपनी बात रखनी पड़ेगी। मुझे पूरी उम्ध्मीद है कि हम इस लड़ाई में सफल होंगे, क्ध्योंकि हम मजबूत हैं। आज भी अगर आप सब यहां बैठे हैं, इसका मतलब है कि आप पार्टी के प्रति समर्पित हैं और आप निडर हैं। हमारे तमाम नेताओं, कार्यकर्ताओं का इस सरकार ने दमन किया है। कल भी छत्ध्तीसगढ़ में रेड पड़वाई एजेंसियों के द्वारा, क्ध्या–क्ध्या नहीं किया। लेकिन आज भी हमारे नेता खड़े हैं, आज भी हमारे कार्यकर्ता खड़े हैं और मैं जानती हूं कि आपका संघर्ष क्ध्या है? अगर हमें पूछताछ के लिए 2 दिन के लिए बुलाया जाता है, तो आपको जेल में महीनों के लिए रखा जाता है। अगर हमें पुलिस घसीटकर ले जाती है तो आप लाठियां खाते हैं। तो हम जानते हैं कि आप में कितनी हिम्ध्मत है, अब देश को भी ये हिम्ध्मत दिखानी है। देश के संविधान के लिए, लोकतंत्र के लिए और एक मजबूत भविष्ध्य के लिए हम सबको इकट्ठे लड़ना है। आप सबका बहुत–बहुत धन्ध्यवाद।

जय हिंद! जय कांग्रेस!

# एमराल्ड हाइट वर्ल्ड स्कूल में वार्षिकोत्सव



एमराल्ड हाइट वर्ल्ड स्कूल के सज्जित एवं सुरम्य प्रांगण में आज दिनाँक 26.02.2023 को वार्षिक समारोह प्रधानाचार्या, शिक्षक गण एवं बच्चों के साथ मिलकर पूरे उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अपरान्ह 5.00 बजे हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि थे विद्यालय के प्रबंधक श्री उमेश किशोर श्रीवास्तव। इस कार्यक्रम में प्रबंधा समिति के गणमान्य सदस्य, नगर के प्रतिष्ठित अनेक अतिथि विद्यालय के भूतपूर्व छात्रगण एवं अनेक शिक्षाविदों ने अपनी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

अनुकृति विषय विविधता में एकता इसकी पहचान है। अतएवं हमारी संस्कृति हमारी विरासत विषय पर आधारित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम इस समारोह का केन्द्रबिन्दु थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ पारम्परिक विधिविधानों के अनुरूप दीप प्रज्ज्वलन एवं सिद्धिविनायक भगवान गणेश की स्तुति वंदना के सुमधुर स्वरों से हुआ।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सर्वप्रथम शक्ति रूप में प्रतिष्ठित असुरों का संहार करने वाली माँ दुर्गा की भव्य स्तुति की नृत्यमय प्रस्तुति से हुआ जिसने संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय कर दिया। इसके उपरान्त इस भव्य आयोजन की कुशल संचालिका विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीति श्रीवास्तव ने समागत समस्त अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत किया एवं विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसके माध्यम से उन्होंने विद्यालय के बच्चों द्वारा विज्ञान, खेल, साहित्य, संगीत, योग आदि विविधा विषयों पर उनकी उपलब्धियों एवं पुरस्कारों से अवगत कराया। रंग–बिरंगे परिधान से सजे–धाजे पुतलियों के माध्यम से देश की अनमोल सांस्कृतिक विरासत का संदेश देते स्वस्थ जीवन स्वस्थ चिंतन का मंत्र सुनाते बच्चें कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण थे। व्यायाम, योगाभ्यास एवं विभिन्न खेलकूद हमारे विद्यालय की शिक्षणेतर गतिविधियों का अभिन्न अंग हैं। विद्यालय के गायक कलाकारों ने विभिन्न रागों जैसे देशराग, राग भोपाली, मालकोश आदि में मधुरिम सुरों की स्वर लहरियों से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। भारत का इतिहास अनेक प्रेरणादायी प्रसंगों से भरा पड़ा है।प्रधानाचार्या श्रीमती नीति श्रीवास्तव ने प्रशस्ति पत्र पढ़ा और मुख्य अतिथि को भेट किया । विद्यालय की पथ प्रदर्शिका प्रबंध समिति की सचिव डॉ० कृष्णा गुप्ता ने मुख्य अतिथि श्री अनुराग त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि सुश्री श्वेता अरोरा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय श्री लोकमणिलाल के उद्देश्यों एवं संकल्पो से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह आधार है जिसके माध्यम से हम जीवन मूल्यों को जीवित रख सकते हैं यही एक माध्यम है जो व्यक्तित्व के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों को विकसित कर सकता है।

भारत की पारम्परिक नृत्य शैलियाँ इतनी मोहक होती हैं कि तन, मन संगीत में थिरकने लगता है। उस पर गुजरात का गर्बा और पंजाब और कश्मीर का संगम हो तो क्या कहना। विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत इस समूह नृत्य को देखकर सभी दर्शक झूम उठे। देश भक्ति का जज्बा दिलों में जोश और उत्साह का संचार करता है। जल, थल और वायु सेना के जवानों के शौर्य को दर्शाते कक्षा 6, 7, 8 के बच्चों द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य ने वातावरण में ओज एवं वीरता का संचार कर दिया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका एवं समन्वयिका श्रीमती स्वाति वर्मा ने पधारे हुए सभी अतिथियों का आभार मानते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया । वन्देमातरम् के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।


## विज्ञापन दर

समाचार पत्र का साइज 25x32

फुल पेज कलर प्रथम पेज 74 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज कलर अंतिम पेज 49 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W प्रथम पेज 35 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W अंतिम पेज 19 हजार रूपये मात्र।
4x6 प्रथम पृष्ठ 3000 और दूसरी पेज 2000 ब्लैक और कलर प्रथम पृष्ठ 5000 दुतीय पेज 3000
क्लासीफाइड विज्ञापन 250 रूपये मात्र।
क्लासीफाइड मंथली पांच हजार रूपये मात्र।
कोर्ट नोटिस प्रथम पार्टी 450 रूपये मात्र।
अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मे सम्पर्क करे।
9918366626


# जूनियर विद्यार्थियों ने दी सीनियर विद्यार्थियों को शुभ विदाई।

झुग्गी झोपड़ी रिपोर्टर 25 फरवरी आगरा आवास विकास स्थित कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को 8 वीं के छात्र–छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसमें स्कूल प्रशासन की ओर से जूनियर छात्रों ने अपने सीनियरों को विदाई दी। कार्यक्रम का संचालन चेयरमैन सुशील वर्मा द्वारा किया गया। प्रिंसिपल दीपा वर्मा सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। इस दौरान वाइस प्रिंसिपल विकास वर्मा ने विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट देकर समारोह को यादगार बनाया। ऋषिका,आकांक्षा, अरिवा,रिशव योगेश,रिहान,पृथ्वी,शिवम,आकाश दीप,धनंजय ने विद्यार्थी जीवन की मधुर स्मृतियों से टीचर और अतिथियों का आभार प्रकट किया।समारोह में मधुर संगीत और आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई कार्यक्रम के दौरान अनुराधा,नेहा,ज्योति,अनन्या,वंशिका,किरण,शकुंतला,कविता,नितिन,शिवांगी सहित बच्चो के अभिभावक भी मौजूद रहे।

# दिल्ली प्रदेश के देवनाथ अध्यक्ष व श्याम सुन्दर शर्मा महामन्त्री बनाये गये।

दिल्ली।भारतीय पत्रकार संघ की मजबूती व एकजुता के दृष्टिगत संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश चन्द्र द्विवेदी की उपस्थिति में सर्वसम्मत से दिल्ली प्रदेश का अध्यक्ष देवनाथ व महामन्त्री श्याम सुंदर शर्मा को बनाया गया।उक्त आशय की जानकारी संघ प्रदेश प्रभारी दिल्ली/राष्ट्रीय संयुक्तमंत्री अजय पाण्डेय द्वारा दी गयी। साथ ही साथ संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश चन्द्र द्विवेदी द्वारा उत्तारप्रदेश,मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड व दिल्ली प्रदेश अध्यक्षो को मार्च तक सभी अपने प्रदेश की कमेटी गठीत करके केंद्रीय कार्यालय को अवगत कराने के लिये निर्देश दिया गया।

# आदित्य नेत्रालय के तत्वावधान में निःशुल्क नेत्रकैम्प काआयोजन

थरवई थाना क्षेत्र के भिदिउरा बाजार में आदित्य नेत्रालय की तरफ से आँखों के उपचार के लिए कैम्प का आयोजन किया गया।प्रयागराज सिटी से आये हुए कुशल नेत्र डाक्टर अभिनव कुमार ने दूर दराज से आये मरीजों के आंखों में उत्पन्न होने वाली समस्याएँ जैसे आंखो में पानी आना,धुधंलापन,जलन होना व मोतियाबिन्द जैसी बीमारियों के उपचार की जानकारी दी।तथा उन्हें आंखो की सुरक्षा प्रति जागरूक करते हुए उचित ढंग से देखभाल करने की परामर्श दी। वे आंख पीड़ित मरीजों का मशीन के द्वारा जांच पड़ताल की। व निःशुल्क दवा वितरण किये तथा उम्र के अनुसार बुजुर्गों को उचित प्रकार के चश्मे पहने की सलाह दी। लोगों के द्वारा यह कहावत चरितार्थ है कि आंख है, तो जहान है उन्होंने बताया कि मोतियाबिन्द का आपरेशन नेत्र शिविर कैम्प में कुशल डाक्टर नेतृत्व टीम के द्वारा किया जायेगा इस नैत्र कैम्प में शिव बाबू केसरवानी पन्ना लाल पटेल बसंत लाल पटेल,राजेश कुमार भारतीया,आदि दर्जनों महिलाएं व पुरूषो ने आंखो की जांच करा कर दवाइयाँ ली।

# क्रांतिकारी वीर सावरकर एवं चंद्रशेखर आजाद जी को दी गई श्रद्धांजलि

26 फरवरी प्रयागराज अमर क्रांतिकारी श्रद्धांजलि ग्रुप के तत्वाधान में महान क्रांतिकारी वीर सावरकर की 57वीं पुण्यतिथि एवं अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद जी के 93वीं बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई

श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि ग्रुप के अध्यक्ष राजेश केसरवानी ने कहा कि अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद क्रांति की मशाल की धधकती हुई ज्वाला थे जिसके तेज से अंग्रेजी सरकार थरथर कांपते रहे और 27 फरवरी 1931 को चंद्रशेखर आजाद पार्क (अल्फ्रेड पार्क) प्रयागराज में अंग्रेजों से लड़ते हुए स्वयं को शहीद कर लिया पर अंग्रेजों के हाथ नहीं आए और कहा कि वीर सावरकर मां भारती के महान सपूत स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले राष्ट्रवाद के पर्याय थे और जीवन के अंतिम समय तक राष्ट्र के लिए समर्पित रहे

कार्यक्रम के मुख्य संयोजक अभिलाष केसरवानी जी रहे

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों शत्रुन जायसवाल,अजय अग्रहरि,विजय कृष्ण मेहता, हरीश तिवारी, राजेश शर्मा, सचिन गुप्ता,सुमित केसरवानी, शिवांश भार्गव, नीरज केसरवानी ,गोपाल जी पाठक, पद्माकर श्रीवास्तव, सुमित कुमार ,राजेश शर्मा, प्रकाश कुमार, श्रवण गुप्ता, आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की

# अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा मंडली सम्मेलन संपन्न

झुग्गी झोपड़ी रिपोर्टर इसरार अंसारी 26 फरवरी प्रयागराज आज शहर के कल्याणी देवी स्वर्णकार धर्मशाला में अखिल भारतीय विश्वकर्मा का सम्मेलन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग उपस्थित थे मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने अपने बयान में अपने समाज को एकजुट होने और चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने अपने हक अधिकार के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया मंडली बैठक का संचालन महानगर अध्यक्ष रामाकांत शर्मा एडवोकेट ने किया कार्यक्रम में प्रयागराज कौशांबी फतेहपुर मिर्जापुर सोनभद्र भदोही से प्रतिनिधियों ने अपने अपने विचार रखें मुख्य राजेश विश्वकर्मा शिव शंकर विश्वकर्मा रमाकांत विश्वकर्मा राजू विश्वकर्मा हरिओम साहू रोहित विश्वकर्मा राजकुमार पटेल निरंजन विश्वकर्मा आदि



# स्वास्थ्य विभाग के एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित

प्रयागराज। आज दिनांक 26/02/2023 दिन रविवार को स्वास्थ्य विभाग के एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित नेशनल प्रोग्राम फॉर हेल्थ केयर ऑफ एल्डरली (छच्भ्ब्म्) एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दारागंज प्रथम में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु मेगा मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित माननीय सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल ने फीता काट कर उक्त स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का विधिवत उद्घाटन किया। अपने संबोधन में सांसद महोदया ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ की देखभाल एवं उपचार के लिए अलग से एक विशेष कार्यक्रम संचालित करने करने के लिए प्रशंशा किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश एवं केंद्र की सरकार समाज के सभी आयुवर्ग के बेहतर स्वास्थ के लिए अनेक कार्यक्रम संचालित कर रही है। जिसका सकारात्मक परिणाम भी प्रदेश की जनता को मिल रहा है। प्रदेश की सरकार प्रत्येक जिले में मेडिकल कालेज स्थापित कर रही है जिससे जनता को अपने जनपद में ही उच्च कोटि की स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सकेगा। माननीय सांसद महोदया ने चिकित्सालयों में वरिष्ठ नागरिकों के सुविधा के लिए अलग से रजिस्ट्रेशन काउंटर बनाने के लिए मुख्य चिकिसाधिकारी को व्यवस्था करने के लिए कहा। इस अवसर पर सांसद महोदया ने वरिष्ठ नागरिकों का आह्वान किया कि वे सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाते हुए अपनी नियमित जांच कराएं। कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए सेवानिवृत्त कमिश्नर एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री आरएस वर्मा ने प्रयागराज जनपद में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल स्थापित किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्य अधिकारी चिकित्सा प्रयागराज डॉ. आशु पांडेय ने स्वास्थ विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित किए जा रहे कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि शीघ्र ही प्रत्येक स्तर के चिकित्सालयों में बुजुर्गो हेतु स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगीस ग्रामीण क्षेत्रों में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर कम्यूनिटी हेल्थ आफीसरों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ परिक्षण किया जाएगा तथा टेली कंसलटेशन के माध्यम से जिला अस्पताल एवं मेडिकल कालेज के चिकित्सकों के मार्गदर्शन एवं देखरेख में आवश्यक इलाज एवं दवाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

# सम्पादकीय

## शिक्षा बिना मानव अधूरा

कहा भी गया है–
येषां विद्या न तपो न दानं
ज्ञानं न शीलं न गुणों न धमर्रू।
ते मृत्यु लोके भुवि भारभूता
मनुष्यरूपेण मृगाश्र्चरन्ति।

अर्थात जिस मनुष्य के पास ज्ञान,त्याग,और दान–धर्म मर्यादा शीलता के अभाव है, वह निश्चित रूप से इस धरती पर बोझ के समान है ।और वह एक मनुष्य के रूप में पशु के समान ही है।

निश्चित रूप से मनुष्य के लिए यह शिक्षा नितांत आवश्यक है ।इसके बिना उसका जीवन निरर्थक है ।अर्थपूर्ण जीवन के लिए ज्ञान का अर्जन करना मानव का परम् कर्तव्य होना चाहिए।

ज्ञान प्राप्त करने के बाद मनुष्य के जीवन मे बहुत कुछ बदलाव आता है ।जीवन मे निष्ठा,आदर्श,त्याग,समर्पण की भावना,राष्ट्रीयता,की भावना जागृत होती है।

मनुष्य अपने आप को समझ पाता है,और वह यह भी जाना पाता है कि उसके मानव जीवन का ध्येय क्या है?उसके कर्तव्य क्या है?उसके धर्म क्या है?उसके लिए सही रास्ते क्या ह?उनके जीवन के सही उद्देश्य क्या है?इन सारी बातों को वह अच्छी तरह समझ पाता है ।और जिस दिन इन बातों को वह समझ पाता है, उसके जीवन का उद्देश्य पूरा होना शुरू हो जाता है।

और फिर शुरू होता उसके जीवन मे एक नया अध्याय। जिसको कहा जाता है–आदर्श जीवन ।उद्देश्यपूर्ण जीवन ।संस्कारपूर्ण जीवन ।धर्म से युक्त जीवन ।बाधाओं से मुक्त जीवन।

अर्थात कहा भी गया है–

वही विद्या है जो विमुक्त करे–
ष्सा विद्या या विमुक्तये ।ष

शिक्षा जीवन के लिए यदि नितांत आवश्यक है, तो यह भी आवश्यक है कि वह शिक्षा संस्कार से युक्त हो अन्यथा वह शिक्षा, बेईमानी होगी ।वह शिक्षा अधूरी होगी।

क्योकि बिना संस्कार के शिक्षा, आदर्श,परिष्कृत और,जनहितार्थ नही हो सकती ।संस्कार पूर्ण शिक्षा जीवन को सही रास्ता दिखाती है,जीवन को सुखमय बनाती है ।अंततः जीवन को मोक्ष् भी प्रदान करती है।

संस्कार से युक्त जीवन व्यक्ति में आदर्श,मर्यादा,सत्य,निष्ठा,त्याग,बलिदान,धर्म–आस्था का देशप्रेम की भावना को जागृत करता है ।और यही शिक्षा का मूल उद्देश्य है इसके बिना शिक्षा का कोई महत्व नही है ।और बिना संस्कार के शिक्षा का कोई औचित्य नही।

## कवि-साहित्यकार का यूं चले जाना

सलिल जी अपने व्यक्तित्व में जितने सरल और जमीन से जुड़े थे उतने ही अपने लेखन में भी। वह समाज और संस्कृति की गहराइयों और जटिलताओं को बेहद संजीदगी से व्यक्त करते थे ।साहित्य जगत के मौजूदा चकाचौंध से दूर या कह सकते हैं कि आज के दौर में साहित्य की तथाकथित मुख्यधारा के हाशिए पर पड़े साहित्यकार, कवि और बेहद संवेदनशील, सहज, सरल सुरेश सलिल का जाना बहुत से अतीत के पन्ने खोलने जैसा है ।सलिल जी अस्सी साल के बेशक हो चुके थे लेकिन आखिरी वक्त तक उनकी रचनात्मक सक्रियता और हर वक्त कुछ नया लिखने–पढ़ने की बेचौनी उन्हें औरों से अलग करती है। सुरेश सलिल कभी किसी नामी गिरामी पत्रिका के संपादक नहीं रहे, साहित्य के तमाम पुरस्कारों की दौड़ से दूर रहे, लेकिन लिखा इतना कि कई पीढ़ियों तक उनका लेखन एक दस्तावेज की तरह मौजूद रहेगा ।वह 1986 के गर्मियों के दिन थे। दिल्ली तब ऐसी भीड़भाड़ वाली नहीं थी, न ही सियासत का चेहरा इतना विद्रूप हुआ था। तब चंद राजनेताओं को भी साहित्य और पत्रकारिता के साथ लिखने पढ़ने का शौक हुआ करता था। इन्हीं में से एक सांसद थे तारिक अनवर, 20, विलिंगटन क्रिसेंट में रहते थे। युवक धारा पत्रिका के संपादक

बड़ा सा बंगला था और उसके पीछे के हिस्से में एक पत्रिका का दफ्तर था। पत्रिका थी युवक धारा और इसके संपादक थे सुरेश सलिल। उस जमाने में सलिल जी पूरी तन्मयता और गंभीरता के साथ यह बेहतरीन पत्रिका निकालते थे। कवि पंकज सिंह इस पत्रिका के सलाहकार थे और तारिक अनवर के अच्छे दोस्त। वहीं सलिल जी से पहली बार विस्तार से मुलाकात हुई।

काम में तल्लीन, गर्मी में पसीना बहाते हुए पत्रिका को अंतिम रूप देते, प्रूफ पढ़ते और पेज का लेआउट बनाते हुए सलिल जी बिना सर उठाए मिले, लेकिन बात करते रहे। लखनऊ से मेरी रिपोर्ट वह अक्सर छापा करते थे और दिल्ली में मुझे युवक धारा का सांस्कृतिक प्रतिनिधि बनाने का उनका प्रस्ताव था।

प्रेस कार्ड उन्होंने हाथ के हाथ बनाया और मुझसे कहने लगे कि दिल्ली, लखनऊ की सांस्कृतिक गतिविधियों पर खूब लिखो, इसके अलावा भी जो बेहतर लगे लिखो। वहीं मुझे राजेश जोशी, ओम पीयूष और मुशर्रफ आलम जौकी सरीखे मित्र भी मिले जो सलिल जी की टीम का हिस्सा थे।

सलिल जी का संपादक वाला चेहरा मैंने वहीं देखा लेकिन उनके भीतर के साहित्यकार और कवि को मैं काफी पहले से जानता पढ़ता रहा था। दरअसल सलिल जी कोई धूम–धड़ाके वाले कवि नहीं थे। 1956 में उनकी पहली कविता छपी थी और 1990 में उनका पहला कविता संग्रह आया था।

व्यापक रचना संसार

उत्तर प्रदेश के उन्नाव में 19 जून 1942 को जन्मे सुरेश सलिल का रचना संसार बहुत व्यापक है। सलिल जी अपने व्यक्तित्व में जितने सरल और जमीन से जुड़े थे उतने ही अपने लेखन में भी। वह समाज और संस्कृति की गहराइयों और जटिलताओं को बेहद संजीदगी से व्यक्त करते थे।

गणेश शंकर विद्यार्थी पर उनके महत्वपूर्ण काम और लेखन को एक दस्तावेज माना जाता है। उनका कविता और गजल संग्रह खुले में खड़े होकर, मेरा ठिकाना क्या पूछो, कोई दीवार भी नहीं, चौखट के बाहर, हवाएं क्या–क्या हैं आदि खासे चर्चित हुए। इकबाल, मजाज जैसे तमाम शायरों पर किए गए उनके अद्भुत काम के अलावा गजलों के आठ सौ साल के सफरनामे पर उनके संपादन में आया श्कारवाने गजलश और बलबीर सिंह रंग, गोपाल सिंह नेपाली सरीखे तमाम कवियों पर किया गया उनका काम अद्भुत है। उनका काव्य संचयन हितैषी हो या फिर कविता सदी, पाब्लो नेरुदा की प्रेम कविताओं का हिन्दी अनुवाद हो या फिर नाजिम हिकमत की कविताएं, सुरेश सलिल के अपार रचनात्मक खजाने में उनकी सक्रियता और रचनात्मकता को सामने लाने वाले कई दस्तावेज हैं।

## अनावश्यक विचारों का बोझ



ऊँचाई चढ़ते समय
अगर हाथ में एक लकड़ी हो
तो वह सहारा बन जाती है।
वहीं पर अगर,, वह लकड़ियाँ
हो
तो वह बोझ बन जाती है।

जिंदगी के सफर में हमारी जिंदगी को सही ढंग से जीने के लिए हमें अच्छे विचारों का सहारा लेना पड़ता है।

इसीलिए हम सबके जीवन में विचारों का महत्व बहुत ज्यादा है। कहते भी है,, मनुष्य अपने विचारों से निर्मित प्राणी है, हम जो सोचते हैं वही बनते हैं, यह बात जानकर भी कही बार हमारे अपने ही विचारों पर हमारा नियंत्रण नहीं रहता।

हर सेकंड हर मिनिट मन में विचार आते रहते है उसमें हर प्रकार के विचार होते हैं, अगर हमारे मन में उठने वाले विचारों की तरंग सकारात्मक हो,, तो उसकी झलक हमारे चेहरे पर नजर आती है वहीं अगर हमारे मन में नकारात्मक विचार चल रहे हो तो,,उसका असर भी हमारे चेहरे पर दिखाई देता है। इसका मतलब विचार का असर न केवल हमारे मन पर पड़ता है बल्कि हमारे पूरे शरीर पर भी पड़ता है जो कुछ भी हम अपने मन में सोच रहे हैं,,वह हमारे चेहरे से झलक ही जाता है चाहे वह खुशी हो चाहे दुःख हमारे आस पास के लोग उसे आसानी से समझ जाते हैं।

वैज्ञानिकों के संशोधन द्वारा वैज्ञानिकों ने भी यही साबित कर दिया है कि, दुनिया में जितनी भी बीमारी है उसमें से कहीं अधिक बीमारियां मनुष्य के विचारों से ही निर्मित हुई है। ऐसे यह विचार जो हमारे पूरे जीवन को ही प्रभावित करते है वो आखिर क्यों नहीं हमारे नियंत्रण में होते हैं...?

आखिर न चाह कर भी हमारे मन में क्यों इतने ज्यादा विचार उत्पन्न होते हैं...?

मन में विचारों का आना एक जीवित व्यक्ति का लक्षण होता है, क्योंकि मनुष्य एक विचारशील प्राणी है मगर यही विचार हमारे नियंत्रण से बाहर जाने की सबसे बड़ी वजह आज यह बन गई है कि, आज हम सब के पास जरूरत से ज्यादा जानकारी उपलब्ध होने लगी है... एक समय था जब पड़ोस के गांव में भी कुछ घटित होता तो वर्षों बीत जाते उस बात को पता लगने में आसपास के गाँव के लोगों को, मगर आज के समय में अगर विश्व के किसी कोने में छोटी सी कोई बात भी हो रही हो,,तो हर किसी को पता चल जाता है और जिस तरह जो घटना हम सुनते हैं या देखते हैं उससे जुड़े हुए विचार हमारे मन में आना शुरू हो जाते हैं ठीक उसी तरह विश्व के किसी भी कोने में घटित हुई घटना से हमारा कोई लेना–देना ना होकर भी हम उस पर घंटों तक विचार करते रहते हैं।

ठीक इसी तरह आपस के रिश्तो में भी पुराने जमाने में लोग बहुत दिनों के बाद मिलते और एक दूसरे का हालचाल पूछते तो रिश्तो में एक मिठास बनी रहती वहीं पर आज के जमाने में हर घंटे और मिनट की खबरें एक दूसरे को मिलती रहती है और जब जरूरत से ज्यादा खबरें मिलती है तो उन पर विचार करना भी शुरू हो जाता है,,क्योंकि जितनी ज्यादा बातें होगी उतना ही ज्यादा उन बातों पर सोचना भी होगा और अगर इसी बात को लेकर हमारे द्वारा किया गया विचार सकारात्मक हो तो कोई बात नहीं वही पर अगर उसी बात को लेकर नकारात्मक विचार मन में चलने लगे तो वही विचार हमारे लिए बोझ बन जाता है इसीलिए,,आवश्यकता से अधिक किसी भी बात को लेकर जानकारी होना हमारे विचारों के बोझ को बढ़ाता है और यही कारण है जिस एक विचार के कारण हमारी जिंदगी आसान और सही बन सकती है उसी जगह अनेकों विचारों के कारण कई बार जिंदगी भी बोझ लगने लग जाती है।

इसलिए,,जिंदगी जीने के लिए एक अच्छे विचार की जरूरत हमें है
या फिर अनावश्यक विचारों के बोझ को लेकर चलते रहने की,, इस बात पर अवश्य विचार कीजिएगा....!!!

पूनम सुलाने,महाराष्ट्र

## भोजन और रोगों से बचाव

भाग दो

मित्रो एक कहावत है कि
शहमे जीवित रहने के लिए भोजन करना है ना कि भोजन करने के लिए जीवित रहना हैश! अतः सुपाच्य भोजन ही करे और पूरा पेट भरने कुछ पहले ही खाना बंद कर दें। भोजन के 30 से 45 मिनिट बाद जरूर पानी पी ले वरना यहां भी कब्ज और एसीडिटी हो जाएगा।

जब से भारत मे ये पश्च्यात खाना आया है तभी से मनुष्य का शरीर अनेकोनेक रोगों से घिर गया है वरना पहले कब्ज होती ही नही थी आप जूतें के फीते बांधे इतनी देर में तो मनुष्य मलत्याग कर आजाता था क्योकिं वह खाद्य ही खाता था आज की तरह अखाद्य नही खाता था बिना भूख के नही खाता था और खूब मेहनत करता था खूब पसीना आता था। आज हमने मेहनत करना तो छोड़ दिया लेकिन खाना उतना ही बल्कि उससे भी अधिक खा रहे हैं जो भी मिल रहा है बगैर भूख के भी खा रहा है। जानवरो को देखो रास्ते मे चलते हुए ही ठक ठक 20 सेकेंड में ही मलत्याग देते हैं और हमने शौचालयों में लाईब्रेरिया बनाली है।

कल एक बात ये थी कि हमारे शरीर के सभी अवयवों को उनकी आवश्यकतानुसार ऊर्जा मिलती है लेकिन जब किसी विशेष अंग को अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है तो वो अन्य अवयवों से ऊर्जा लेलेता है फलस्वरूप उन अंगों की कार्यक्षमता कमजोर हो जाती है कभी कभार तो वे अंग इस कमी को झेल लेते हैं लेकिन जब रोज रोज की आदत हो जाए इन अवयवो की कार्यक्षमता क्षीण हो जाती है और धीरे धीरे ये अंग क्षतिग्रस्त होने लगते हैं, यदि असर फेफड़ो ओर पड़ा तो शरीर को ऑक्सीजन कम प्राप्त होगा स्वांश नलिकाएं सिकुड़ जाएगी और उस कारण दमा रोग हो जाएगा और लिपर असर हुआ तो रक्त का निर्माण ठप हो जाएगा। यही काम यदि मस्तिष्क के साथ हुआ तो याददाश्त कम चिड़चिड़ा पन होजाएगा। अतः हमें भोजन तब ही करना चाहिए जब खूब भूख लग जाए फिर देखिए खाने में कितना आनन्द आता है और आंतो को भी भोजन पचाने में तकलीफ नही होगी।

हमे सप्ताह में या पन्द्रह दिनों में एक बार आंतो की सफाई कर लेना चाहिए इसके लिए रात को 2 चम्मच घी या केस्टरआयल लेना चाहिए।

मित्रो यदि पेट साफ तो सभी रोग साफ वरना एक रोग दूसरे को दूसरे रोगों को जन्म देता जाएगा और हमारा शरीर रोगों का भंडार!!



## चेतना की राजनीति



चेतना आमतौर पर एक ऐसे व्यक्ति के विचार को संदर्भित करती है जो आत्म–जागरूक है और समर्पित भावना देश और देश की जनता के प्रति संवेदनशील हो। यह अक्सर मनुष्यों के लिए आरक्षित एक भेद है। यह शब्द का मूल और सबसे आम उपयोग बना हुआ है। राजनितिक नेताओं के लिए, चेतना एक व्यक्ति की स्वयं की राजनीतिक भावना का वर्णन करती है। अर्थात चेतना व्यक्ति की राजनीति के प्रति जागरूकता का वर्णन करती है। राजनितिक नेताओं के लिए, एक प्रामाणिक चेतना इतिहास में किसी की सही स्थिति को समझने से जुड़ी थी। जबकि हेगेल ने ईश्वर को लोगों में चेतना के कार्यों के पीछे रखा, मार्क्स ने राजनीतिक अर्थव्यवस्था को दिमाग के इंजन के रूप में देखा।

20वीं सदी में, कई सामाजिक आंदोलनों और बुद्धिजीवियों ने चेतना के इस प्रयोग को विकसित किया है।

झूठी चेतना, मिथ्या चेतना


मार्क्स की दृष्टि में चेतना हमेशा राजनीतिक थी, क्योंकि यह हमेशा राजनीतिक–आर्थिक परिस्थितियों का परिणाम थी। मार्क्स के लिए कोई व्यक्ति जीवन, शक्ति और स्वयं के बारे में जो सोचता है, वह हमेशा वैचारिक शक्तियों का उत्पाद होता है। मार्क्स के लिए, विचारधाराएँ समाज में धन और शक्ति के वर्तमान वितरण की व्याख्या और औचित्य करती प्रतीत होती हैं। धन और शक्ति के असमान आवंटन वाले समाजों में, विचारधाराएँ इन असमानताओं को स्वीकार्य, गुणकारी, अपरिहार्य, आदि के रूप में प्रस्तुत करती हैं। इस प्रकार विचारधाराएँ लोगों को यथास्थिति को स्वीकार करने के लिए प्रेरित करती हैं। अधीनस्थ लोग अपनी अधीनता में विश्वास करते हैंरू किसान अभिजात वर्ग के शासन को स्वीकार करते हैं, कारखाने के मजदूर मालिकों के शासन को स्वीकार करते हैं, उपभोक्ता निगमों के शासन को स्वीकार करते हैं। स्वयं की अधीनता में यह विश्वास, जो विचारधारा के माध्यम से आता है, मार्क्स के लिए, मिथ्या चेतना है । अर्थात, असमानता की स्थितियाँ विचारधाराओं का निर्माण करती हैं जो लोगों को उनकी सच्ची आकांक्षाओं, निष्ठाओं और उद्देश्यों के बारे में भ्रमित करती हैं। इस प्रकार, उदाहरण के लिए, मजदूर वर्ग अक्सर, मार्क्स के लिए, राष्ट्रवाद, संगठित धर्म, और अन्य विकर्षणों से भ्रमित रहा है। ये वैचारिक उपकरण लोगों को यह महसूस करने में मदद करते हैं कि वे ही हैं जो धन का उत्पादन करते हैं, वे जो भूमि के फल के लायक हैं, जो सभी समृद्ध हो सकते हैंरू शाब्दिक रूप से अपने लिए सोचने के बजाय, वे शासक वर्ग द्वारा उन्हें दिए गए विचारों के बारे में सोचते हैं। चेतना और राजनीतिक–अर्थव्यवस्था मार्क्स के लिए, चेतना राजनीतिक अर्थव्यवस्था का प्रतिबिंब है। एक व्यक्ति के विचारों को उसकी राजनीतिक और आर्थिक परिस्थितियों द्वारा आकार दिया जाता है। उन्होंने प्रसिद्ध रूप से लिखा, ष्यह पुरुषों की चेतना नहीं है जो उनके अस्तित्व को निर्धारित करती है, बल्कि इसके विपरीत, उनका सामाजिक अस्तित्व उनकी चेतना को निर्धारित करता है।ष

शायद आधुनिक विचार में मार्क्स का सबसे बड़ा योगदान ... विचारधारा की भूमिका में उनकी व्यापक जांच है, या कैसे सामाजिक चेतना चेतना को निर्धारित करती है, जिसके परिणामस्वरूप कुछ (अधिकांश भाग अचेतन) विश्वास और मूल्य प्रणालियां होती हैं जो विशेष आर्थिक बुनियादी ढांचे पर निर्भर करती हैं। समय मार्क्सवादी दृष्टिकोण से सभी सांस्कृतिक कलाकृतियाँ – धार्मिक प्रणालियाँ, दार्शनिक स्थितियाँ, नैतिक मूल्य – स्वाभाविक रूप से पर्याप्त हैं, चेतना के उत्पाद हैं और इस तरह इन वैचारिक दबावों के अधीन हैं।

चेतना और सामाजिक आंदोलनों के कई सामाजिक आंदोलनों ने चेतना पर मार्क्स की सोच का शिथिल रूप से अनुसरण किया है। कई लोगों का मानना घ्हे कि चेतना प्राप्त करने का अर्थ है अपने सच्चे ऐतिहासिक मार्ग को खोजना, जैसा कि सत्तारूढ़ अभिजात वर्ग द्वारा फैलाए गए प्रचार के विपरीत है। इस प्रकार, नारीवादी आंदोलन ने चेतना बढ़ाने की बात की और कई दक्षिण अफ्रीकी कार्यकर्ताओं ने ब्लैक चेतना आंदोलन की सदस्यता ली है , जो ब्लैक को अपने ष्सच्चेष राजनीतिक प्रक्षेपवक्र को आगे बढ़ाने के लिए बुलाती है (उदाहरण के लिए, रंगभेद द्वारा निर्धारित विचारों के विपरीत)प्रशासन)। बाद के उदाहरण में, कई दक्षिण अफ्रीकी अश्वेतों के लिए, चेतना का मतलब अश्वेतों के बारे में नस्लवादी विचारों को खारिज करना, राष्ट्र के श्वेत शासन को खारिज करना और अश्वेत पहचान, इतिहास और शक्ति को बहाल करना था। ष्राजनीतिक रूप से जागरूकष बनने का अर्थ अक्सर यह बताना होता है कि लोग अपनी वास्तविक राजनीतिक भूमिका, अपनी वास्तविक पहचान के प्रति जाग गए हैं। मार्क्स के लिए, इसका मतलब यह था कि श्रमिक वर्ग खुद को इतिहास के एजेंट के रूप में जागरूक करेंगे – वे एकजुट होंगे और श्रम की संपत्ति में हिस्सा लेंगे। मार्क्स के लिए, यह उनकी ऐतिहासिक भूमिका और उनका अधिकार था (मजदूरी के लिए काम करने के विपरीत, पूंजीपतियों की ओर से युद्ध लड़ना, और इसी तरह)। कई अफ्रीकी अमेरिकियों के लिए, ष्चेतनाष का अर्थ श्वेत वर्चस्व के रूपों की पहचान करना और उन्हें बदनाम करना है, अश्वेतों द्वारा आंतरिक किए गए लोगों सहित। ष्चेतनाष शब्द के इन उपयोगों में सत्य या नियति है राजनीतिक चेतना के ये उपयोग अक्सर राजनीतिक रूप से आरोपित होते हैं। क्या, उदाहरण के लिए, एक अश्वेत महिला में चेतना की कमी है क्योंकि वह आम तौर पर श्वेत पुरुष पूंजीपतियों द्वारा चलाए जा रहे सिस्टम का समर्थन करती है? अगर वह राजनीतिक रूप से जागरूक हो जाती तो क्या वह अलग तरह से सोचती? उसकी ष्सच्चीष चेतना कैसी दिखती है?

कई मार्क्सवादी,नारीवादी, अफ्रीकी अमेरिकियों (और अन्य समूहों) ने यह तर्क देना बंद कर दिया है कि चेतना का एक ही सही रूप है। इसके बजाय, इस भावना को बनाए रखते हुए कि शासक वर्ग एक प्रमुख विचारधारा को बनाए रखता है और अक्सर उन तरीकों से व्यवहार करता है जो लोगों को नुकसान पहुँचाते हैं, कई असंतुष्ट अब अधिक उदार स्थिति रखते हैं जो विभिन्न प्रकार के राजनीतिक पदों को सहन करते हैं। सांस्कृतिक आधिपत्य के सिद्धांतों द्वारा राजनीतिक चेतना की जटिलताओं का वर्णन किया गया है ।जिसे आज के राजनितिज्ञों को समझना होगा।

## माँ नि:स्वार्थ प्रेम का प्रतीक क्यों है?



प्रकृति की सभी प्यारी चीजों में, माँ सबसे दुर्लभ और कीमती है, क्योंकि पूरी दुनिया में हमारी केवल एक माँ है। कोई भी हमारी देखभाल नहीं कर सकता है जैसे एक माँ करती है। वह अपने बच्चे के पैदा होने के दिन से ही निस्वार्थ भाव से उसकी देखभाल करती है। वह अपने बच्चे की सभी जरूरतों को जानती हैं और उन्हें पूरा करने के लिए कुछ भी कर सकती हैं। वह अपने बच्चों के लिए हमेशा मौजूद रहती हैं। जब भी हम बीमार होते हैं, तो वह हमारी माँ ही होती है जो अपने स्वास्थ्य की परवाह किए बिना हमारा ख्याल रखती है। एक माँ के लिए, उसके बच्चों की भलाई सबसे महत्वपूर्ण होती है और वह हमेशा यह सुनिश्चित करती है की उसके बच्चे जहाँ भी हों, सुरक्षित रहें। माँ का प्यार सबसे पवित्र रूप है। इसकी तुलना इस ब्रह्मांड की किसी भी वस्तु से नहीं की जा सकती। एक माँ का अपने बच्चों के प्रति जो प्यार होता है वह अकथनीय है। माताएं हमेशा अपने बच्चों के लिए सर्वश्रेष्ठ चाहती हैं और वे अपने छोटों को दी जाने वाली चीजों की गुणवत्ता से कभी समझौता नहीं करेंगी। कई बच्चे इसे समझ नहीं सकते हैं, लेकिन एक माँ का प्यार उसकी सताहट के मूल में होता है रूअपने कमरे को साफ करने के लिए या अपना गृहकार्य पूरा करने के लिए, क्योंकि वह चाहती है की वे काम करने के लिए सही चीजें सीखें। आखिरकार, यह दिखाया गया है की वह बलिदान के बाद बलिदान कैसे करती है।

एक माँ के पास बिना शर्त प्यार की कभी न खत्म होने वाली आपूर्ति होती है। अक्सर, जब एक बच्चा परेशान हो जाता है तो वह हानिकारक चीजें कहता है और करता है और फिर भी मां माफ कर देती है और भूल जाती है। एक माँ का बच्चा बड़ा होता है और एक वयस्क बन जाता है, और हो सकता है की कोई ऐसे निर्णय ले ले जिससे वह सहमत न हो, लेकिन फिर भी वह अपने बच्चे से प्यार करती है और जरूरत पड़ने पर उसके साथ वो रहती है । चाहे कुछ भी हो, एक माँ का अपने बच्चे के लिए बिना शर्त प्यार हमेशा रहता है। एक बच्चे को विभिन्न तरीकों से समर्थन की आवश्यकता होती है और एक माँ वहाँ सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए होती है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता की हम कभी–कभी कितनी चोट पहुंचाते हैं, परेशान करते हैं और अपनी मां की सराहना नहीं करते हैं, फिर भी वे हमें प्यार करते हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। वे हमें वैसे ही स्वीकार करती है जैसे हम हैं भले ही हम सबसे अच्छे लोग नहीं हैं जो हम हो सकते हैं। एक माँ वह है जो सिर्फ यह सुनिश्चित करने के लिए आग में कूद जाती है की आपके पास वह है जो आपको चाहिए, वह आपको जो पसंद है उसे पाने के लिए एक हजार मील दौड़ेगी जो आप चाहते हैं। एक बार जब हमारी माताएं चली जाती हैं तो रोने के लिए कोई कंधा नहीं बचता है, हमारी गलतियों के लिए कोई दोषी नहीं होता है, कोई हमें हमारा पसंदीदा चॉकलेट केक नहीं बनाता है जो हमें पसंद है और कोई भी यह पूछने वाला नहीं होता है की दिन कैसा रहा? बच्चे माता–पिता द्वारा मूल्यवान, महत्वपूर्ण और सुरक्षित महसूस करते हैं । माँ के साथ बच्चे का जो बंधन होता है, वह बच्चे का पहला रिश्ता होता है। माताएं प्राथमिक देखभाल करने वाली होती हैं, और यदि बच्चों को प्यार महसूस नहीं होता है, तो वे इसे आंतरिक रूप से महसूस करते हैं और वे अप्रिय महसूस करते हैं ।एक बच्चे को कभी ऐसा महसूस नहीं होना चाहिए की उसे मां का प्यार कमाने की जरूरत है। यह उनके दिल में जीवन भर एक शून्य छोड़ देगा। एक बच्चे के जीवन में विश्वास और भावनात्मक अंतरंगता की दृढ़ नींव स्थापित करने के लिए एक माँ का प्यार बिना शर्त दिया जाना चाहिए। यदि प्रेम को रोका जाता है, तो एक बच्चा इसे लाखों अन्य तरीकों से खोजेगा। कभी–कभी वे अपने पूरे जीवनकाल में खोज करेंगे जब तक कि वे अपने अतीत के साथ किसी प्रकार की शांति नहीं पाते। हम अपने बच्चों को घर पर जो भावनात्मक आधार देते हैं, वह उनके जीवन का आधार होता है। हम घर के मूल्य और माँ के प्यार की शक्ति को कम नहीं आंक सकते ।एक मां की तपस्या एक अच्छे इंसान का निर्माण करती है। उसका स्नेह एक बच्चे को मानवीय मूल्यों और सहानुभूति से भर देता है। मां कोई व्यक्ति या व्यक्तित्व नहीं है, मातृत्व एक गुण है। अक्सर कहा जाता है की भगवान अपने भक्तों के स्वभाव के अनुसार बनते हैं। इसी तरह हम अपनी प्रकृति और मानसिकता के अनुसार अपनी माताओं और उनके मातृत्व का अनुभव करते हैं। एक माँ धरती पर ईश्वर की दूत होती है।

# पर्यावरण संरक्षण हेतू वृक्षारोपण अनिवार्य-सौरभ प्राजापति!



जितेन्द्र कुमार–मोतिहारी!गोल्डेन फ्यूचर फाउंडेशन संस्था के तत्वाधान में बी के मेमोरियल पब्लिक स्कूल पिपरिया विधालय स्थापना दिवस के मौके पर संस्था का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को ध्यान रखते हुए विधालय प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ संस्था संस्थापक अध्यक्ष सौरभ प्रजापति, संरक्षक अजय पटेल, विनय कुमार मुखिया,वार्ड पार्षद उमाशंकर ठाकुर, डॉ दीपक कुमार, विधालय निदेशक डॉ अजय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से चम्पा का पौधा लगाकर किया गया।

वही सौरभ ने बताया कि विधालय प्रांगण में पौधारोपण करने के कई सारे लाभ है जिनमे सर्व प्रथम संपूर्ण विधालय परिवार को स्वच्छ वातावरण प्राप्त होगी जिससे उनका ध्यान अपने लक्ष्यों पर केंद्रित रहेगा। तथा उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा संस्था कार्यों को सराहते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहने और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया गया। वही विधालय निर्देशक डॉ अजय प्रसाद जी ने उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद करते हुए आभार व्यक्त किया।

उक्त मौके पर संस्था परिवार से शशिकांत कुशवाहा,श्याम शर्मा, विवेक गुप्ता, रौशन प्रकाश, आलोक गुप्ता, राकेश कुमार,रंजीत कुमार, किशन सोनी, अमित कुमार, मुन्ना कुमार, कन्हैया कुमार,संदीप प्रजापति, सहित विधालय के तमाम शिक्षागण और सैकड़ों छात्र छात्राओं कि उपस्थिति रही।

# होली में डीजे पर आपत्तिजनक गाने पूर्ण रूप से प्रतिबंधित :-थाना अध्यक्ष




बरबर खीरी ।आगामी त्यौहार होली और शवेबारात को लेकर बरवर चौकी पर पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई । जिसकी अध्यक्षता पसगवा थाना अध्यक्ष निर्भय कुमार सिंह ने की, थाना अध्यक्ष निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि होली के मौके पर जबरन किसी के रंग ना लगाएं और डीजे पर आपत्तिजनक गाने ना बजाएं यदि बजाए गए तो आयोजक सहित डीजे वाले बाबू पर भी होगी कारवाई आप सभी लोग शांति पूर्ण तरीके से त्यौहार को मनाएं । शवेबारात की रात सभी मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिद के इबादत करे रास्ते मे कोई भी जमाव न लगाएं साधारणता कब्रिस्तान जाकर अपनी इबादत करें अधिशासी अधिकारी सपना भारद्वाज ने कहा नगर में त्योहारों को देखते हुए साफ–सफाई और पानी की समस्या से निपटने का पूर्णता काम करेंगी,अब देखना यह है कि वह कितना सफल होती हैं। इस मौके पर चौकी प्रभारी नवीन कुमार द्विवेदी , नि.चौयरपर्सन पति शाहिद वेग, धर्मेश शर्मा, जि. पंचायत सदस्य लाल बहादुर शास्त्री नरवीर सिंह कुशवाहा मौलाना सहीम पवन आर्या हरनाम सिंह, गौरव गुप्ता महताब आलम अरुण मिश्रा विमल शुक्ला समेत दर्जनों लोगों मौजूद रहे ।

# समाज व देश की दिशा व दशा बदलने को राजगीर से ब्राह्मण समाज भरेगा हुंकार

राजगीर। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या परिक्षेत्र निवासी पण्डित कृपा निधान तिवारी के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज देश की दिशा व दशा बदलने हेतु आगामी 28 फरवरी 2023 को बिहार के राजगीर से हुंकार भरेगा।

जानकारी के अनुसार भारत वर्ष के सभी ब्राहमण संगठनों को एकजुट करने की मुहिम के साथ अयोध्या, वाराणसी, उज्जैन के सफल आयोजनों तथा माघ मेला प्रयागराज में तय रणनीति के बाद अब पण्डित कृपानिधान तिवारी के नेतृत्व में भारत वर्ष के अधिकांश विप्र संगठन आगामी 28 फरवरी 2023 को बिहार राज्य के राजगीर में राष्ट्रीय स्तर का विशाल आयोजन करने जा रहे हैं जिसमें विशेष कार्य योजना बनाकर कार्य करने की रणनीति सुनिश्चित की जायेगी। यह जानकारी हाई कोर्ट इलाहाबाद के समाजसेवी अधिवक्ता आर के पाण्डेय ने दी है।




# पुस्तकालय समिति की बैठक में लिए गए कई निर्णय



दरभंगा । पुस्तकालय समिति की बैठक कुलपति प्रो सुरेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें कई अहम निर्णय लिए गए। आरम्भ में पुस्तकालय प्रभारी प्रो दमन कुमार झा ने कुलपति सह अध्यक्ष की अनुमति से बैठक की शुरुआत की और सभी सदस्यों का स्वागत किया। उसके बाद कुलसचिव प्रो मुस्ताक अहमद ने बैठक आयोजित करने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला और इसकी आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पुस्तकालय को विश्वविद्यालय के सर्वागीण विकास में एक महत्वपूर्ण कड़ी मानते हुए कहा की इसका सुदृढीकरण आवश्यक है। केंद्रीय पुस्तकालय को आधुनिकीकरण की दिशा में आटोमेशन कार्य भारत सरकार से अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से सम्पादित करने के प्रस्ताव को सर्वसहमति स्वीकृति प्रदान की गई ।सदस्यों ने एक स्वर में इस महती कार्य को सरकारी एजेंसी के माध्यम से कराने हेतु कुलपति के प्रति आभार व्यक्त किया। ऑटोमेशन के बाद अध्ययेता को कोई भी पुस्तक अल्प समय में सुगमतापूर्वक देने लेने के साथ ही कार्यालयीय रखरखाव में भी आसानी होगी। विश्वविद्यालय के सभी स्नात्तकोत्तर विभागों से न्यूनतम दो शोध–पत्रिकाओं की सूची प्राप्त कर केंद्रीय पुस्तकालय में क्रय कर उपलब्ध कराने पर भी सहमति प्रदान की गयी। साथ ही केंद्रीय पुस्तकालय में प्रश्न बैंक की स्थापना करने का निर्णय लिया गया, जिसके लिए परीक्षा विभाग को इस आशय का पत्र निर्गत किया जायेगा कि विश्वविद्यालय स्तर से संचालित होने वाले सभी परीक्षाओं का प्रश्न पत्र की दस प्रति परीक्षा समाप्त होने के उपरांत केंद्रीय पुस्तकालय को उपलब्ध कराई जाय। इसे पुस्तकालय में वर्ष वार और विषय वार संधारित कर छात्रोपयोगी बनाया जाय ।केंद्रीय पुस्तकालय के संचालन हेतु वर्तमान नियमवली में कतिपय संशोधन की आवश्यकता के मद्देनजर एक समिति का गठन करने हेतु कुलपति सह अध्यक्ष को अधिकृत किया गया। केंद्रीय पुस्तकालय में निर्बाध बिजली आपूर्ति हेतु एक 35 केवीए का जेनरेटर क्रय करने पर सहमति प्रदान की गयी ।छात्र– छात्राओ, शोधर्थियों एवं आँगनतुको को स्वच्छ तथा गर्मी में शीतल पेयजल की उपलब्धता रहे इसके लिए वाटर कूलर क्रय करने पर सहमति प्रदान की गयी। कुलसचिव प्रो मुस्ताक अहमद ने सूचना दी की बजटीय प्रावधान के अनुसार पुस्तकालय में नवीनतम पुस्तकें , पत्र–पत्रिकाओं एवं अन्य आवश्यक वस्तुओ का क्रय किया जायेगा। आज के बैठक में एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय यह लिया गया कि नियमित रूप से पुस्तकालय आने बाले शोधार्थियों को महीने में कम–से–कम 05 दिन केंद्रीय पुस्तकालय का उपयोग करना अनिवार्य है, इस आशय का पत्र प्रत्येक विभाग में भेजा जाय की इसकी अनिवार्यता सुनिश्चित करें। पुस्तकालय परिसर के सौंदर्यकारण, मिट्टीकरण एवं वृक्षारोपण आदि हेतु सदस्यो द्वारा सहमति प्रदान की गयी। इस अवसर पर सभी संकायों के अध्यक्ष यथा – प्रो ए के बच्चन मानविकी,प्रो बी बी एल दास वाणिज्य , प्रो शिशिर कुमार वर्मा विज्ञान ,प्रो पी सी मिश्र सामाजिक विज्ञान, प्रो लावन्य कीर्ति सिंह काव्या ललित कला, डॉ एस एम राजू दंत, प्रो विजय कुमार यादव विभागध्यक्ष अर्थशास्त्र , प्रो अशोक कुमार मेहता सिण्डिकेट सदस्य आदि उपस्थित थे ।अन्त में पुस्तकालय प्रभारी प्रो दमन कुमार झा ने सबों के प्रति आभार व्यक्त किया और अध्यक्ष की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की ।

# चिमनी से धुँआ रूपी जहर उगल रही है डी एस सी एल शुगर अजबापुर



कहते है ष्समरथ को नही दोष गुसाईंष वाली कहावत आज के सामाजिक परिवेश पर बिलकुल सटीक बैठती है। जहा एक ओर शासन और प्रशासन अन्नदाताओ को पराली जलाने पर जुर्माना कर रही है जेल में डाल रही है उनपर डंडे बरसा रही है पर वही पूंजीपतियों और उद्योगपतियों के लिए शासन और प्रशासन के सारे नियम कायदे कानून सब धरे के धरे रह जाते है, बेमानी से लगते है। अब यही देखिए डी.एस.सी.एल शुगर अजबापुर यूनिट के आस पास के क्षेत्रों गोविंदापुर, पिपरोला, जसमढी नरदी बरखेरिया जाट आदि गावो में उक्त चीनी मिल की चिमनी से निकलने वाले धुएं के साथ बहुतायत मात्रा में राख उड़कर उपरोक्त गावो की वायु को प्रदूषित कर आम जनमानस को प्रभावित कर रही है। इन गावो के घरों की छतों पर व खुले स्थानों पर ये राख के कण देखे जा सकते है। जिससे घरों में रखी खाने पीने की वस्तुएं प्रदूषित हो रही है तथा लोगो में खासा स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो रही है। खास तौर पर वृद्ध और गंभीर रोगों से पीड़ित आम जनमानस का जीना दुश्वार है। ह्रदय रोग, फेफड़ों के रोगी, व गुर्दा रोग से पीड़ित व्यक्तियों को चीनी मिल से उड़ने वाली राख से स्वांस संबंधी तथा अन्य स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो रही है। स्वास्थ्य शरीर वाले आम जनमानस को चीनी मिल से निकलने वाला धुआं स्वांस संबंधी समस्याएं उत्पन्न कर रहा है। तथा लोगो को स्वांस रोगी बना रहा है। यदि आप सफेद धुले कपड़े खुले आसमान में सुखाने के लिए डालते है तो सुबह तक उक्त कपड़ो पर चीनी मिल से निकलने वाले धुएं के साथ उड़ने वाली राख से सारे कपड़े कालिख लगे हो जायेगे। घरों की छतों पर राख को देखा जा सकता है। चीनी मिल के द्वारा फैलाए जा रहा प्रदूषण न तो शासन को दिखाई दे रहा है न ही प्रशासन को और न ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को उसे बस दिखाई देता है तो गरीब किसान या यूं कहे अन्नदाताओ की पराली दिखाई देती और उन पर बरसाने के लिए लट्ठ और कुछ नही। अगर क्षेत्रवासी चीनी मिल के द्वारा फैलाए जा रहें प्रदूषण के संबंध में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को, शासन तथा प्रशासन को शिकायत करते है तब इन धनाढ्य पूजीपतियो उद्योगपतियों के द्वारा गुलाबी कागजों से मुंह बंद कर दिया जाता है और शिकायत के नाम पर कार्यवाही ठंडे बस्ते में चली जाती। तथा चीनी मिल की चिमनी द्वारा लगातार धुएं के साथ राख रूपी जहर उगलना जारी है। देखना यह है कि शासन और प्रशासन खबर का संज्ञान लेकर गहनता से जांच कर चीनी मिल पर कार्यवाही करता है या फिर मामले को पूर्व की भांति ले –देकर अनदेखा कर दिया जाएगा।

# नितिश कुमार पर उम्र का असर दिखने लगा है-सुभाष सिंह कुशवाहा!



मोतिहारी!उपेंद्र कुशवाहा के सबसे करीबी और संकटमोचन सुभाष सिंह कुशवाहा ने उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रवैये पर खाशा नाराजगी जाहिर की है ।श्री सिंह ने कहा है कि उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और नीतीश कुमार जी चुनाव के समय में अलग–अलग थे और अलग–अलग वादा करके जनता के बीच में गए थे। तेजस्वी यादव जी ने कहा था कि यदि हमारी सरकार बनेगी तो हम 10 लाख युवाओं को रोजगार देंगे। लेकिन जब आज और सरकार में हैं तो उनको कोई समझ नहीं है। सेक्रेटरी आईएएस के इशारे पर कार्य कर रहे हैं। अशिक्षा साफ साफ दिखाई दे रही है। सरकार में बैठकर काम करना और बोलना दो अलग–अलग चीजें हैं। अब रही बात नीतीश कुमार की तो वह अब भूले– भूले और खोये–खोये रह रहे हैं। उम्र का असर उन पर साफ–साफ दिखाई दे रही है। खुद आईएस लोगों को चिंता हो रही है कि मुख्यमंत्री जी भूले– भूले क्यों रह रहे हैं। अब बिहार का विकास कैसे होगा? शिक्षा विभाग के सेक्रेटरी से स्वास्थ्य विभाग का सवाल और स्वास्थ्य विभाग के सेक्रेटरी से शिक्षा विभाग का सवाल से आईएस भी मुख्यमंत्री के रवैया से परेशान रहने लगे हैं। इन लोगों को अब जनता समझ चुकी है और अगले चुनाव में सबक सिखाने का कार्य करेगी।

# इंटरएक्टिव डिस्पले स्क्रीन से चीजों को समझने में होती है आसानी : आरती कंसिल



आरती कंसिल ने कहा – इंटरएक्टिव डिस्पले स्क्रीन से विजुअल क्लास के संचालन के लिए तकनीक की जानकारी आवश्यक

– ल. ना. मिथिला विश्वविद्यालय की ओर से इंटरएक्टिव डिस्पले स्क्रीन के संचालन को लेकर प्राध्यापकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

– खाली समय में भी रिकॉर्ड वीडियो देखकर विद्यार्थी उठा सकते हैं लाभ रू प्रो. सुरेंद्र कुमार

दि ग्राम टुडे , मीर मो० शहनवाज –दरभंगा । इंटरएक्टिव डिस्पले स्क्रीन का फायदा तभी छात्र–छात्राओं को मिलेगा जब शिक्षक तकनीकी रूप से दक्ष होंगे। इंटरएक्टिव डिस्पले स्क्रीन में इंटरेक्टिव बोर्ड से विजुअल क्लास के संचालन के लिए तकनीक की जानकारी आवश्यक है। उक्त बातें शुक्रवार को ल. ना. मिथिला विश्वविद्यालय की ओर से इंटरएक्टिव डिस्पले स्क्रीन के संचालन को लेकर प्राध्यापकों के लिए राजनीति विज्ञान विभाग के कौटिल्य सभागार में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन सामाजिक विज्ञान, मानविकी और वाणिज्य संकायों के प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए प्रशिक्षक आरती कंसिल ने कहीं। कंसिल ने कहा कि इंटरएक्टिव डिस्पले स्क्रीन आज के आधुनिक युग का एक जरूरी हिस्सा बन गया है। स्कूल–कॉलेज से लेकर छोटे–बड़े दफ्तरों के साथ–साथ सरकारी संस्थानों में भी इसका उपयोग हर रोज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वैसे आज के दौर में इंटरएक्टिव डिस्पले स्क्रीन को देख कर या इंटरएक्टिव डिस्पले स्क्रीन का नाम सुनते ही मन में उत्सुकता होती है। इंटरएक्टिव डिस्पले स्क्रीन को कंप्यूटर, पीडीएफ, वीडियो व अन्य के माध्यम से जोड़कर उपयोग में लाया जाता है, जिससे हमें एक बड़ा इंटरएक्टिव डिस्पले स्क्रीन मिलता है, जिस पर हमें किसी वीडियो, गेम, किसी वस्तु के फोटो या टेक्स्ट को बड़े ही आसानी से व्याख्या करके साफ, स्वच्छ और सुंदर ढंग से दिखाने समझने और समझाने में मदद मिलता है। ल. ना. विश्वविद्यालय के विकास पदाधिकारी प्रो. सुरेंद्र कुमार ने प्रशिक्षण शिविर में शामिल सभी प्राध्यापकों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रतिदिन के लिए गए वर्गों को लम्बे समय तक सेव करके रखना और जरूरत पड़ने पर दोबारा उसे देखने का कार्य इंटरएक्टिव डिस्पले स्क्रीन के माध्यम से किया जा सकता है। खाली समय में भी रिकॉर्ड वीडियो देखकर विद्यार्थी इसका लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि इंटरएक्टिव डिस्पले स्क्रीन स्थापित करने वाली कंपनी के तकनीकी विशेषज्ञों की ओर से इंटरएक्टिव डिस्पले स्क्रीन के संचालन में तकनीकी पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी देने के लिए यह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ है। ल. ना. मिथिला विश्वविद्यालय के सभी विभागों में इंटरएक्टिव डिस्पले स्क्रीन की व्यवस्था हो चुकी है। प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक संचालन के साथ माननीय कुलपति सभी शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। ताकि, इस प्रशिक्षण का लाभ बच्चों को मिल सके। प्रशिक्षण शिविर में मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. ए. के. बच्चन, राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. मुनेश्वर यादव, मैथिली विभागाध्यक्ष प्रो. रमेश झा, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. राजेंद्र साह, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू राय, आइक्यूएसी के निदेशक डॉ. मो. ज्या हैदर के साथ मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र, संस्कृत, भूगोल, उर्दू, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, हिंदी, अर्थशास्त्र, इतिहास, मैथिली और वाणिज्य विभाग के सभी प्राध्यापकों के साथ आईटी सेल के प्रतिनिधि गणेश पासवान, मुकुंद झा, एसटी हसन व अन्य शामिल थे। प्रो. कुमार ने बताया कि 25 फरवरी को विज्ञान संकाय और संगीत एवं नाटक विभाग के प्राध्यापकों के साथ पहले दिन उपस्थित नहीं हो सके प्राध्यापकों के लिए विश्वविद्यालय के रसायनशास्त्र विभाग के सभागार में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में भाग लेने के लिए विश्वविद्यालय की टीम पटना रवाना





दरभंगा । राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण शिविर (25 फरवरी 2023 से 3 मार्च 2023 तक ) बिरला इंस्टिटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी पटना कैंपस,पटना में आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में शामिल होने के लिए स्वयंसेवकों का दल रवाना हुआ। इस शिविर में शामिल होने वाले दल को माननीय कुलपति महोदय प्रोव सुरेंद्र प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अपने संबोधन में कुलपति महोदय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को शुभकामना देते हुए कहा कि हमारे विश्वविद्यालय के सभी स्वयंसेवक काफी ऊर्जावान हैं उत्साह एवं ऊर्जा से भरे हुए हैं शिविर के बाद स्वयं को सृजनात्मक एवं रचनात्मक सामाजिक कार्यों में जुड़कर समाज और देश की सेवा करने में सहयोग करेंगे। अपने क्रियाकलापों से अशिक्षित और शिक्षित लोगों के बीच की दूरी अपने ज्ञान से मिटायेंगे ।मौके पर कुलसचिव डॉ मुस्ताक अहमद ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में बेहतर प्रदर्शन के साथ–साथ अनुशासन एवं स्वच्छता नियम और एकीकरण का अर्थ बताते हुए बधाई एवं सफलता अर्जित करने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने अच्छे आचरण का प्रदर्शन करने का भी सुझाव दिया एवं विश्वविद्यालय और महाविद्यालय की गरिमा को संभाल कर रखने को कहा। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ विनोद बैठा ने स्वयंसेवकों से कहा कि राष्ट्रीय एकीकरण शिविर के बाद हमारे स्वयंसेवक राष्ट्र की एकता और अखंडता एवं प्रजातांत्रिक नेतृत्व को क्रियान्वित करने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे। समाज में रहकर समाज में आई विभिनता को दूर करने का जिम्मेदारी आपके कंधे पर है। आप ऊर्जावान एवं साहसी हैं आप समाज की सेवा करने में सक्षम है.दूरभाष पर बी.आर.बी कॉलेज समस्तीपुर, के प्रधानाचार्य डॉ वीरेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व का निर्धारण एवं विकास महाविद्यालयों में आयोजित होने वाले विशेष शिविर से होता है। आप सब ने अपने महाविद्यालय में बेहतर प्रदर्शन कर इस मुकाम को हासिल किया है। हम उम्मीद करते हैं कि आप पटना में भी पूरी लगन एवं उत्तरदायित्व बोध के साथ शिविर का लाभ उठाएंगे. दूरभाष पर आर.बी कॉलेज समस्तीपुर, डॉ शबनम कुमारी कार्यक्रम पदाधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, ने कहा कि हमारे स्वयंसेवक राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में बेहतर प्रदर्शन करेंगे शिविर के क्रियाकलापों में सक्रिय भागीदारी करेंगे एवं शिविर के नियमों का पालन करेंगे ।शिविर में शामिल होने वाले स्वयंसेवकों में दो छात्र (रवि कुमार एवं गौरव आनंद) बी.आर.बी. कॉलेज, समस्तीपुर, जबकि जी.एम.आर.डी कॉलेज, मोहनपुर, समस्तीपुर, से 2 छात्र (आदर्श कुमार एवं गुड्डू कुमार) शामिल है।

# मेडिकल मोबाइल यूनिट का सीडीओ ने किया शुभारम्भ



मैगलगंज–डीसीएम श्रीराम समूह की अग्रणी चीनी मिल अजबापुर में वृहस्पतिवार को श्रीराम फाउंडेशन द्वारा मेडिकल मोबाइल यूनिट(स्वास्थ्य परामर्श इकाई )का शुभारम्भ जिले के मुख्य विकास अधिकारी अनिल सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संतोष गुप्ता, चीनी मिल के इकाई प्रमुख पंकज सिंह ने संयुक्त रूप से किया। आधुनिक सुविधाओं से लैस मेडिकल मोबाइल यूनिट जी पी एस सहित फुली ऑटोमेटीक है। इस मेडिकल मोबाइल यूनिट द्वारा मिल क्षेत्र के चयनित पहले 60 गांवो में फिर कुल 129 गांवो में जाकर समस्त गर्भवती महिलाओ की सम्पूर्ण निशुल्क जाँच की जायेगी। मोबाइल यूनिट द्वारा तमाम तरह की अन्य जांचे भी की जाएंगी। मुख्य विकास अधिकारी ने इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्यक्रम करने वाली आशा कार्य कत्रियों को सम्मानित किया तथा मेडिकल मोबाइल यूनिट के क्रिया कलापो को बारीकी से समझा और कहा की यह मेडिकल मोबाइल यूनिट क्षेत्र के लिए वरदान सावित होगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष गुप्ता ने मिल प्रबंधन को विश्वास दिलाया की स्वास्थ्य विभाग मिल के इस कार्यक्रम में पूरा सहयोग करेगा। अंत में इकाई प्रमुख पंकज सिंह ने सभी अतिथियों को धन्यवाद देते हुए बताया चीनी मिल हमेशा से शिक्षा, पर्यावरण, व स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर पर मानव संसाधन विभाग प्रमुख के एन राय, गन्ना विभाग प्रमुख विवेक तिवारी, डॉ अश्वनी वर्मा,अतिरिक्ति मुख्य चिकित्साधिकारी अनिल गुप्ता सहित कार्यक्रम समन्वयक शशांक शेखर पाण्डेय, मनीष जोशी दिल्ली सहित सैकड़ो गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जिओ कंपनी की फेल व्यवस्थाओं से उपभोक्ता परेशान, कुंभकर्णी नींद में प्रशासन




रीवा जिले के चाकघाट सहित विभिन्न क्षेत्रों में इन दिनों जिओं उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश पनप रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि प्लान के अनुसार उपभोक्ताओं को सुविधाएं प्राप्त नहीं हो रही है। जिओ टेलीकॉम की अव्यवस्थाओं की वजह से मार्केट में विरोध प्रदर्शन भी जमकर हुआ है। जहां कंपनी के क्षेत्रीय अधिकारी विजिट कर समाधान हेतु बात कहीं, लेकिन व्यवस्था भ्रमण तक ही सीमित दिखाई दे रही है। लोगों का कहना है कि जिले के लाखों उपभोक्ताओं से खुलेआम लूट ठग का कार्य किया जा रहा है परन्तु समाज के ठेकेदार और प्रशासनिक अधिकारी मौन नजर आ रहे हैं। बीते दो दिवस पूर्व रीवा शहर में जिओ 5ळ सेवा प्रारंभ करने की जानकारी प्राप्त हुई परन्तु अभी तक सफल रूप से उपभोक्ताओं को 4ळ नही मिल पा रहा है। चाकघाट नगर शहरी क्षेत्र के साथ– साथ विधानसभा के प्रमुख मार्केट वाली श्रेणी में आता है और विभिन्न प्रकार की संस्थाओं में कार्य हेतु दूर–दराज से लोगों का आवागमन होता रहा है। लेकिन कंपनी की चौपट व्यवस्थाओं की वजह से लोगों के मुख में बहिष्कार जैसे शब्द निकल रहे हैं।

# चोरी करने के दो आरोपी चोरी की माल के साथ गिरफ्तार भेजा जेल

गोंडा पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे।

उक्त निर्देश के क्रम में दिनांक 24,2,2023को अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज के पर्यवेक्षण में थाना को0नगर गोण्डा पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0स0 168ध्2023 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित प्रकाश में आये चोरी करने के अभियुक्तगण 01. रामबाबू पटेल 02. पीयुष उर्फ प्रत्युष पाण्डेय को चोरी के गेहूँ व चावल के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्तगण द्वारा नवीन गल्ला मण्डी गोण्डा में घुसकर गेहूँ, चावल, सरसों आदि की चोरी किये थे। जिसके सम्बन्ध में सचिव कृषि उत्पादन मण्डी समित गोण्डा द्वारा थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत कराया था। घटना में संलिप्त 01 बालअपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर जुवेनाइल कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

आवश्यकता है

झुग्गी झोपडी हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
एवमं
JJ News Portal
के लिये उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले
के लिए संवाददाता, पेजमेकर आपरेटर, विज्ञापन प्रतिनिधि और एजेंसी / ब्यूरो चीफ बनने हेतु सम्पर्क करे !

सम्पादक - संजय कुमार यादव
9918366626 9454084311
पता
277/129, चकिया, जगमल का हाता,
पीएनबी एटीएम के पास

# ग्रामसभा की सशक्तिकरण को लेकर कार्यशाला का आयोजन




हमारा योजना हमारा विकास, ग्राम सभा में हम सब आएंगे, गांव की विकास की योजना हम बनाएंगे सुरेश राठौर

वाराणसी राजातालाब। ग्रामसभा के सशक्तिकरण को लेकर शुक्रवार को आराजीलाईन ब्लाक के समक्ष स्थित मनरेगा मजदूर यूनियन के सभागार में आशा विश्वास ट्रस्ट की ओर से एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर लोगों को ग्रामसभा के सशक्तिकरण और ग्राम पंचायत विकास योजना के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि हमारा योजना हमारा विकास, ग्राम सभा में हम सब आएंगे, गांव की विकास की योजना हम बनाएंगे आदि बिंदुओं पर चर्चा कर लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर मनरेगा मजदूर यूनियन के संयोजक सुरेश राठौर ने कहा कि ग्रामसभा के लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया हैं। उन्होंने पंचायतों के सशक्तिकरण के लिए ग्रामीणों को जागरूक होने की बात कही, कहा यह सभी के संकल्प से ही पूरा हो सकता है। अधिवक्ता संतोष गिरी ने ग्रामसभा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। संचालन रेनू पटेल ने किया। इस दौरान सुरेश राठौर, अधिवक्ता संतोष गिरी, मुश्तफा, अनिता, पूजा, श्रद्धा, प्रियंका, रीना, प्रिया, आँचल, खुश्बू, नेहा, आदि लोग शामिल थे।

# आशा ट्रस्ट के वार्षिक सम्मेलन में जुटे देश भर के प्रतिनिधि




चौबेपुर, वाराणसी

सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट का 31 वां वार्षिक सम्मेलन प्रारम्भ देश के कई राज्यों से जुटे प्रतिनिधि

बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलना जरूरी है रू डॉ स्मिता राम पुनियानी

सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट का 31 वां वार्षिक सम्मेलन शुक्रवार से ट्रस्ट के भंदहा कला (कैथी) स्थित केंद्र पर प्रारंभ हुआ.इस तीन दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न राज्यों के कार्यकर्ता एवं प्रतिनिधि वंचित वर्ग के बच्चों की शिक्षा को रुचिकर और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए संभावित प्रक्रिया पर चिंतन करेंगे. ज्ञातव्य है कि सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट विगत तीन दशकों से शिक्षा, जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण आदि सामाजिक विषयों पर अनेक राज्यों में प्रयासरत है. संस्था द्वारा सरकारी स्कूलों की बेहतरी और सभी बच्चों को समान शिक्षा के अवसर की उपलब्धता के लिए एक देश समान शिक्षा अभियान के तहत अनेक कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है. प्रथम दिन डॉ स्मिता राम पुनियानी, राजारामन कृष्णन, मोना सूर, बीजू बोर बोरुआ, विजय पाण्डेय, जीवन राठोर, प्रवीण श्रीवास्तव आदि का प्रस्तुतीकरण हुआ. डॉ स्मिता राम पुनियानी ने कहा कि वंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलना जरूरी है तभी वे देश और समाज के विकास में अपना पूर्ण सहयोग दे पायेंगे. प्रतिनिधियों का स्वागत संस्था के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने किया.

## अति अल्पकालीन निविदा कोटेशन

ग्राम पंचायत गौसपुर विकास खण्ड मूरतगंज में अति अल्पकाजीन निविदा सूचना मनरेगा योजना के अन्तर्गत कार्य 1– नीसा के घर से सुनील के घर तक नाली एवं इण्टरलाकिंग कार्य में जिसकी प्राक्कलित लागत 5.65 लाख में से सामग्री 4.61 **लाख** रू0, 2– राकेश के घर से शैलेश के घर तक नाली एवं इण्टरलाकिंग कार्य में प्राक्कलित लाखत धनराशि मु0 5.21 लाख रू0 में से सामग्री 4.38 लाख रू0, 3– बच्चा लाल के घर से रामअवतार के घर तक नाली एवं इण्टरलाकिंग कार्य में प्राक्कलित लाखत धनराशि मु0 4.39 लाख रू0 में से सामग्री 3.58 लाख रू0 एवं 4– मालती के घर से कृष्णा के घर तक नाली एवं इण्टरलाकिंग कार्य में प्राक्कलित लाखत धनराशि मु0 3.89 लाख रू0 में से सामग्री 3.27 लाख रू0 की सामग्री आपूर्ति हेतु डी0आर0डी0ए0 कौशाम्बी में मनरेगा वेबसाइड पर पंजीकृत इच्छुक निविदादाताओं से निविदा आमांत्रित की जाती है। निविदादाताओ फार्म के टिन नम्बर/जी0एस0टी0 नम्बर फीड करना होगा निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर दिनांक– 27.02.2023 से दिनांक 05.03.2023 तक निर्धारित शुल्क रूपये 100 ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर आवश्यक प्रपत्र के साथ जमा किया जा सकता है। निविदा दिनांक–06.03.2023 को ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान/सचिव की उपास्थिति में निविदा फार्म खोले जायेगें निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत समिति के पास सुरक्षित होगा।

**कार्य का नाम** 1– नीसा के घर से सुनील के घर तक नाली एवं इण्टरलाकिंग कार्य
**2–** राकेश के घर से शैलेश के घर तक नाली एवं इण्टरलाकिंग कार्य
3. बच्चा लाल के घर से रामअवतार के घर तक नाली एवं इण्टरलाकिंग कार्य
4– मालती के घर से कृष्णा के घर तक नाली एवं इण्टरलाकिंग कार्य

| क0सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा | क0सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ईंट गिट्टी 40 एम0एम0 | 34.0130 घ0मी0 | 1 | ईंट गिट्टी 40 एम0एम0 | 32.55 घ0मी0 |
| 2 | पोर्टलैण्ड सीमेण्ट | 5.9474 | 2 | पोर्टलैण्ड सीमेण्ट | 5.0837 |
| 3 | मोटी बालू | 19.0743 घ0मी0 | 3 | मोटी बालू | 21.0567 घ0मी0 |
| 4 | कंक्रीट मिक्चर | 2.3809 | 4 | कंक्रीट मिक्चर | 2.2785 |
| 5 | सैण्डराइज | 772.8065 | 5 | सैण्डराइज | 606.2677 |
| 6 | ईंट एम–150 | 11045.52 | 6 | ईंट एम–150 | 7998.4800 |
| 7 | इण्टरलाकिंग 80 एम0एम0 | 337.5 वर्ग मी0 | 7 | इण्टरलाकिंग 80 एम0एम0 | 350 वर्ग मी0 |
| 8 | जमुना बालू | 21.9375 घ0मी0 | 8 | जमुना बालू | 22.7500 घ0मी0 |
| **क0सं0** | **सामग्री का नाम** | **मात्रा** | **क0सं0** | **सामग्री का नाम** | **मात्रा** |
| 1 | ईंट गिट्टी 40 एम0एम0 | 26.2500 घ0मी0 | 1 | ईंट गिट्टी 40 एम0एम0 | 24.3750 घ0मी0 |
| 2 | पोर्टलैण्ड सीमेण्ट | 4.7560 | 2 | पोर्टलैण्ड सीमेण्ट | 4.0093 |
| 3 | मोटी बालू | 14.8045 घ0मी0 | 3 | मोटी बालू | 13.0735 घ0मी0 |
| 4 | कंक्रीट मिक्चर | 1.8375 | 4 | कंक्रीट मिक्चर | 1.7063 |
| 5 | ईंट एम–150 | 9522 | 5 | सैण्डराइज | 477.9384 |
| 6 | इंटरलाकिंग 80 एम0एम0 | 250.00 वर्ग मी0 | 6 | ईंट एम–150 | 4141.500 |
| 7 | सैण्डराइज | 612.3607 | 7 | महीन बालू | 4.2694 घ0मी0 |
| 8 | जमुना बालू | 16.2500 घ0मी0 | 8 | इंटरलाकिंग 80 एम0एम0 | 250.00 वर्ग मी0 |

नाम नरेन्द्रनाथ सिंह
ग्रा0प0अ0/ग्रा0वि0अ0
ग्राम पंचायत– गौसपुर

नाम–सुल्तान सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत– गौसपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत– गौसपुर विकास खण्ड मूरतगंज, कौशाम्बी।
पंत्राक /मनरेगा/अतिअल्पकालीन निविदा/सामाग्री/2022–23 दिनांक
प्रतिलिपि– 1. समस्त इच्छुक निविदादाताओं/फार्म
2. कार्यालय ग्राम पंचायत गौसपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
3. कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मूरतगंज के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

ग्रा0प0अ0/ग्रा0वि0अ0
ग्राम पंचायत–गौसपुर

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–गौसपुर

# राष्ट्रीय मानवाधिकार व भ्रष्टाचार नियंत्रण ब्यूरो ने जय प्रकाश व समर बहादुर को सौंपी वाराणसी की कमान





वाराणसी। राष्ट्रीय मानवाधिकार व भ्रष्टाचार नियंत्रण ब्यूरो ने उत्तर प्रदेश स्टेट के जनपद वाराणसी से जय प्रकाश सिंह को जिलाध्यक्ष जबकि समर बहादुर पटेल को जिला महासचिव मनोनीत किया है। जानकारी के अनुसार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर के पाण्डेय एडवोकेट ने उपरोक्त मनोनयन के साथ विश्वास व्यक्त किया कि जिलाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह व जिला महासचिव समर बहादुर पटेल के नेतृत्व में वाराणसी जिला टीम प्रत्येक पीड़ित को सेवा–संरक्षण–न्याय के साथ जनहित में अनुकरणीय कार्य करेगी।

# प्राइवेट बिजली कर्मी 11000 बोल्ट की चपेट में आने से झुलसा

राज करण वर्मा वरिष्ठ पत्रकार रानी बाजार अयोध्या रानीबाजार बिजली प्राइवेट लाइनमैन की गलती से बिना सिट डाउन लिए बिजली जोड़ने पर खम्बे पर चढ़े एक प्राइवेट बिजली कर्मी राजकुमार निवासी खैपुर थाना पुरा कलंदर अयोध्या बुरी तरफ बिजली की चपेट में आने से झुलस गया जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# मथुरा के रमणरेती आश्रम में फूलों से खेली गई होली



– ब्रज में बसंत उत्सव से ही होली का आगाज हो जाता है। शुक्रवार को गोकुल के रमण रेती आश्रम में होली का दिव्य और भव्य नजारा देख श्रदालु आनंदित हो गए ।रमणरेती आश्रम में खेली जाने वाली होली की विशेषता है कि यहां केमिकल रंगों का प्रयोग नही किया जाता ।प्राकृतिक रंगों से दिव्य भव्य तरीके से होली खेली जाती है । सबसे पहले इस होली में भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की लीलाओं का मंचन किया जाता है ।यह पल द्वापर युग की लीलाओं को जीवांत करता है ।यह पल अपने आप में एक अदभुत नजारा पेश करता है । जिसमें ब्रज भाषा में हंसी ठिठोली के भी सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए ।

# मुख्य विकास अधिकारी ने पंचायतीराज विभाग द्वारा आयोजित स्वच्छता गोष्ठी का किया शुभारम्भ

कौशाम्बी मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिवेदी ने पंचायतीराज विभाग द्वारा आयोजित ग्राम प्रधानों, सचिव ग्राम पंचायत एवं पंचायत सहायकों आदि के साथ स्वच्छता गोष्ठी कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि ग्राम सचिवालय में सभी सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी रोस्टर के अनुसार उपस्थित रहें तथा आमजन की समस्याओं/सुझाओं को रजिस्टर में अंकित कर ए0डी0ओ0(पंचायत) एवं बी0डी0ओ0 के माध्यम से सम्बन्धित अधिकारी को पत्र प्रेषित कराकर समस्या का निस्तारण करायी जाय। उन्होंने कहा कि रोस्टर के अनुसार सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी ग्राम सचिवालय में उपस्थित रहे, अनुपस्थित पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामों में पेयजल की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय तथा खराब हैण्डपम्प को नियमानुसार शीध्र ठीक कराया जाय। उन्होंने ग्राम प्रधानां से कहा कि सहभागिता योजना के तहत गोवंशो की सुपुर्दगी कार्य में प्रगति लायी जाय। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में साफ–सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय तथा अवश्यकतानुसार कूड़ा गाडी क्रय करने की कार्यवाही की जा सकती है। उन्होंने कहा कि आपरेशन कायाकल्प के तहत प्राथमिक विद्यालयों में सभी कार्या को सुनिश्चित करायी जाय। मुख्य विकास अधिकारी ने डी0पी0आर0ओ0 को निर्देशित किया कि आगामी होली तक सभी पंचायत सहायकों के मानदेय का भुगतान सुनिश्चित किया जाय, किसी का मानदेय भुगतान लम्बित न रहने पायें। जिला पंचायत राज अधिकारी बालगोविन्द श्रीवास्तव ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) 02 अक्टूबर, 2014 से प्रभावी है। विगत 05 वर्षों में 216378 शौचालयों का निर्माण कराया गया, जिससें शौचालय के आच्छादन के उपरान्त जनपद खुले में शौच से मुक्त हुआ। वित्तीय वर्ष 2022–23 में खुले में शौचमुक्त होने के उपरान्त कतिपय कारणो से छूटे हुये 5164 व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण कराया गया। ग्राम पंचायत में निर्मित 451 सामुदायिक शौचालयों की देखरेख के लिए प्रत्येक सामुदायिक शौचाचल में स्वयं सहायता समूह के माध्यम से केयर टेकर की तैनाती कर दी गयी है। शासन की प्राथमिकता के क्रम में 5000 से अधिक आबादी वाली 35 ग्राम पंचायतो में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत ओडीएफ प्लस बनाने के लिए 17 गतिविधियों पर कार्य कराया गया। गंगा के किनारे अवस्थित 31 ग्राम पंचायतो में गांव को ओडीएफ प्लस बनाने की दिशा में कार्ययोजना तैयार करते हुये कार्य आरम्भ करा दिया गया है। ग्राम पंचायतो में निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने के दृष्टिगत जनपद में 23 कन्सल्टिंग इन्जीनियरों की तैनाती की गयी है, जिन्हें ग्राम पंचायत वार विभाजित करते हुये तैनात दिया गया है। जनपद में 04 अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है। जनपद में 02 बहुउद्देशीय पंचायत भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है। जनपद में 21 कॉमन सर्विस सेण्टर का निर्माण कराया गया है, जिसके माध्यम से ग्रामीण जनमानस को शासकीय योजनाओं की सुविधायें प्रदान की जा रही है।

## कर्नलगंज बस स्टाप पर सड़क के गड्ढे बने मुसीबत



गोण्डा। तहसील मुख्यालय स्थित कर्नलगंज बस स्टाप पर बने सड़क के गड्ढे राहगीरों के लिये मुसीबत का कारण बने हुऐ हैं। तो वहीं इस गड्ढे में आये दिन लोडिंग गाड़ियों के फंस जाने से चौराहे पर जाम की स्थिति बन जाती है। वहीं यह गड्ढे बड़े हादसे को दावत दे रहे हैं।आपको बता दें कि बस स्टाप पर स्थित यात्री प्रतीक्षालय कक्ष के ठीक बगल कटराबाजार को जाने वाली सड़क व मुख्य चौराहे पर बने गड्ढों को भरने की जहमत संबंधित विभाग नहीं उठा रहा है। जिससे इन गड्ढों में आये दिन जहां छोटे वाहन फंसकर पलट रहे हैं तो वहीं बड़े लोडिंग वाहनों के फंस जाने से जाम की स्थिति बनी रहती है। हैरत अंगेज यह है कि इस राजमार्ग पर प्रतिदिन आला अधिकारियों के साथ ही जनप्रतिनिधियों के वाहन भी गुजरते हैं लेकिन सब कुछ देखते हुए भी जिम्मेदार मौन साधे हुऐ हैं और शायद किसी बड़े हादसे के होने का इंतजार कर रहे हैं।

## डकैती करके भाग रहे बदमाशों की गोलीबारी में दो गंभीर घायल

कर्नलगंज, गोण्डा। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव में लूट की घटना को अंजाम देकर भाग रहे बदमाशों ने ग्रामीणों की घेराबंदी में फंसने पर ताबड़तोड़ फायरिंग करना शुरू कर दिया। गोली लगने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें लखनऊ रेफर किया गया है। वहीं कोतवाल कर्नलगंज की बेलगाम कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।मिली जानकारी के मुताबिक घटना कोतवाली कर्नलगंज अन्तर्गत ग्राम धमसड़ा की है,जहां के निवासी हरित मिश्रा व रजनीश मिश्रा के घर रात्रि में हथियार से लैस बदमाशों ने पहुंचकर डकैती की घटना को अंजाम देते हुऐ काफी तबाही मचायी। बदमाशों ने घर में घुसकर जिसमें लोग सो रहे थे उन कमरों में कुंडी बंद करके जमकर लूटपाट किया और घर में रखा पच्चीस हजार रूपये नकद व जेवर सहित अन्य सामान लेकर बदमाश फरार होने लगे। इतने में हल्ला गुहार पर गांव के लोग भी पहुंच गए और पीड़ित परिवार के साथ मिलकर बदमाशों का विरोध करने लगे। अपने को घिरता देखकर बदमाश गोलीबारी करते हुये फरार हो गए। घटना में सुशील मिश्रा उम्र 40 वर्ष सिद्धांत पाण्डेय 15 वर्ष को गोली लग गई,जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उन्हें गोण्डा भेज दिया। बताया जाता है कि जहां सिद्धांत की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया। मालूम हो कि एक माह पूर्व इसी घर में चोर चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं। वहीं सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी विनय कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और एसओजी प्रभारी संतोष कुमार सिंह भी अपनी टीम के साथ पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल में जुट गये। ऐसे में कोतवाल कर्नलगंज की बेलगाम कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

## सड़क दुर्घटना में चार लोग गंभीर घायल

कर्नलगंज, गोण्डा। क्षेत्र में अलग–अलग हुए सड़क दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद गोण्डा रेफर किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक पहली घटना कर्नलगंज–लखनऊ मार्ग की है। यहां अज्ञात वाहन की चपेट में आकर रामू निवासी कटरा बाजार व राम निवासी नसीरपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं कर्नलगंज परसपुर मार्ग स्थित मेंहदीहाता स्थित (माडल शाप) के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर सीतापुर निवासी 45 वर्षीय हिमांचल व कटरा बाजार निवासी कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने जिला अस्पताल गोंडा के लिए रेफर कर दिया।

## अवैध शराब बनाने के आरोपी को हुई एक वर्ष सात माह का साधारण कारावास व रूपए 3000- के अर्थदण्ड की सजा-

गोंडा अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर के निर्देशन व पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान 'ऑपरेशन शिकंजा' जिसकी मॉनीटरिंग स्वयं पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर द्वारा प्राथमिकता से करते हुए प्रभावी पैरवी कराई गई जिसके फलस्वरूप अवैध शराब बनाने के आरोपी अभियुक्त को 01 वर्ष 07 माह का साधारण कारावास व रु0 3000– के अर्थदण्ड की सजा कराने में सफलता प्राप्त हुई ।

थाना नवाबगंज क्षेत्र के अन्तर्गत अभियुक्त द्वारा अपमिश्रित कच्ची शराब बनाया जा रहा था जिसमे पुलिस द्वारा तत्काल अभियोग पंजीकृत कर आरोपी अभियुक्त शिवनाथ यादव पुत्र रामतीरथ निवासी दुर्गागंज माझा थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। मॉनिटरिंग सेल व थाना नवाबगंज के पैरोकार मुख्य आरक्षी दिनेश यादव के द्वारा निरंतर की गई सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप दिनांक 24,2,2023 को उक्त अभियुक्त को माननीय न्यायालय अपर एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट गोण्डा ने 01 वर्ष 07 माह का साधारण कारावास व रुपये 3000– के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अभियुक्त का नाम पता

01. शिवनाथ यादव पुत्र रामतीरथ निवासी दुर्गागंज माझा थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा।

## कौशल के ब्रह्मास्त्र से होगा बेरोजगारी का खात्मा,श्री राज नेहरू



गुरुग्राम रू महा प्रतापी रावण को मारने के लिए भगवान रामचंद्र ने तमाम अस्त्र–शस्त्र प्रयोग किए, लेकिन अंत में विभीषण के परामर्श पर भगवान रामचंद्र ने ब्रह्मास्त्र का प्रयोग कर रावण का वध किया इसी तरह से बेरोजगारी रूपी रावण को मारने के लिए अभी तक बहुत से प्रयास हुए, लेकिन पूरी तरह से सफलता नहीं मिल पाई। यद्यपि अब कौशल रूपी ब्रह्मास्त्र मिल गया है, जिसके माध्यम से बेरोजगारी का खात्मा किया जा सकता है। दुनिया के विकसित देश कौशल के माध्यम से रोजगार के नए सृजन कर आगे बढ़ गए हैं, लेकिन हमारा देश इसमें अभी बहुत पीछे है। इसलिए कौशल अब हमारे लिए ब्रह्मास्त्र है। इसी ब्रह्मास्त्र के माध्यम से हम बेरोजगारी का खात्मा कर सकते हैं। हरियाणा सरकार ने इस दिशा में अपने संकल्प पर काम शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट इस बात का प्रमाण है। इस बार का बजट कौशल को समर्पित है। इसलिए इसे कुशल बजट कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कौशल के लिए बजट में दिल खोलकर एलान किए हैं। मुख्यमंत्री की इन घोषणाओं से कौशल को लेकर उनके दृष्टिकोण का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल इस बात को अच्छे से भांप चुके हैं की कौशल के बिना सभी युवाओं रोजगार से नहीं जोड़ा जा सकता। इसलिए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कौशल को सबसे बड़े हथियार के रूप में विकसित किया है। दरअसल उनका कौशल के प्रति दृष्टिकोण पहले से ही स्पष्ट है प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की कल्पनाओं को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने सबसे पहले राजकीय कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना की। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय देश का पहला राजकीय कौशल विश्वविद्यालय है। इसी विश्वविद्यालय के माध्यम से कौशल अभियान को क्रियान्वित करने की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है।

हरियाणा में कौशल के इस अभियान को क्रियान्वित करने के लिए बजट में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को अहम जिम्मेदारी दी गई है। हम इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं और इसका प्रारूप हमने बना लिया है।

मुख्यमंत्री कौशल मित्र फेलोशिप योजना अपने आप में सरकार का एक महत्वकांक्षी कदम है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ जोड़कर प्रत्येक साल 1000 युवाओं को मुख्यमंत्री कौशल मित्र फैलोशिप के अंतर्गत तैयार किया जाएगा। इसके माध्यम से कौशल आवश्यकताओं के एकीकरण, कौशल प्रशिक्षण और उद्यमिता के लिए वातावरण तैयार करने में मदद मिलेगी। यह प्रदेश में चल रहे कौशल अभियान को और व्यापक और सार्थक बनाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण कदम है।

कौशल के साथ–साथ अब हमें नवीन कौशल और अतिरिक्त कौशल की ओर बढ़ना होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने हर साल 5000 युवाओं को इमर्जिंग टेक्नोलॉजी में प्रशिक्षित करने का जिम्मा श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को दिया है। हम युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, डेटा एनालिटिक्स, प्रोग्रामिंग और विद्युत वाहन बनाने के क्षेत्र में प्रशिक्षण देंगे और उनको नौकरियों के लिए तैयार करेंगे। यह प्रशिक्षण ऑनलाइन, ऑफलाइन और हाइब्रिड मोड में दिया जाएगा। यह केंद्र कंपनियों के साथ युवाओं के लिए इंटर्नशिप के अवसर भी तैयार करेगा। इन अत्याधुनिक विश्व में युवाओं को पारंगत कर रोजगार की जरूरत के अनुरूप तैयार किया जा सकेगा। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय इन उभरती प्रौद्योगिकी के विषयों पर सबसे ज्यादा ध्यान केंद्रित कर रहा है।

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने इनोवेटिव स्किल स्कूल खोल कर एक नई पहल शुरू की है और अब उसी तर्ज पर प्रदेश भर में इनोवेटिव स्किल स्कूल खोलने की घोषणा मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी ने बजट में की है। हरियाणा सरकार ने कौशल शिक्षा को स्कूल शिक्षा से समेकित कर एक अनूठे प्रयोग की ओर कदम बढ़ाया है। अब छठी से आठवीं तक की कक्षाओं में भी कौशल शिक्षा लागू होगी। यह स्कूल श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय से संबद्ध होंगे। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ही इन स्कूलों की फैकल्टी को कौशल प्रशिक्षण देगा। इस महत्वपूर्ण दायित्व को निभाने के लिए हम पूरी तरह से तैयार हैं। इसके लिए हमने बाकायदा रोडमैप भी बना लिया है।

मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल द्वारा पेश किए गए इस बजट में कौशल के माध्यम से बेरोजगारी को खत्म करने का ठोस लक्ष्य परिलक्षित होता है। युवाओं को कौशल देकर रोजगार के साथ जोड़ने की महत्वकांक्षी पहल है और साथ ही साथ प्रदेश में स्टार्टअप के और उद्यमिता के लिहाज से एक सकारात्मक वातावरण बनाने की झलक भी बजट में साफ दिखती है।

दो लाख युवाओं के कौशल प्रशिक्षण के लिए 250 करोड़ रुपए का प्रावधान सरकार की कौशल के प्रति ललक और गंभीरता को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी ने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, हरियाणा कौशल विकास मिशन और हरियाणा कौशल रोजगार निगम तीनों के माध्यम से कौशल के लक्ष्यों को साधने की योजना बनाई है। इन तीनों के समन्वय से बड़े पैमाने पर काम हो सकेगा। पारंपरिक नौकरियों के अलावा आधुनिक उद्योग से संबंधित नौकरियों के लिए उभरती प्रौद्योगिकी के प्रशिक्षण पर भी सरकार ध्यान देगी। यह इस वक्त उद्योग के लिए सबसे बड़ी जरूरत है, क्योंकि तकनीक बड़ी तेजी से बदल रही है और आधुनिक प्रौद्योगिकी के अनुसार मानवीय संसाधन तैयार करना एक बड़ी जिम्मेदारी है। सरकार ने इस काम के लिए 250 करोड़ रुपए का प्रावधान कर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

स्वरोजगार और दूसरे लोगों को रोजगार देने के उद्देश्य से स्टार्ट अप की समाज में बहुत ज्यादा जरूरत है। सरकार ने इस क्षेत्र के महत्व को समझा है और इसीलिए स्टार्ट अप को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय संस्थानों के सहयोग से वेंचर कैपिटल फंड स्थापित करने का प्रावधान किया है। यह वेंचर कैपिटल फंड युवाओं को 5 करोड़ रुपए तक की लागत की परियोजनाओं में उद्यमी बनने में सहायता करेगा। इसके लिए भी सरकार ने 200 करोड़ रुपए का कोष बनाया है। यह अपने आप में एक बड़ी राशि है।

नए–नए स्टार्टअप के लिए हमारे देश में बहुत सारी संभावनाएं हैं और एक सफल उद्यमी बहुत से युवाओं को न केवल रोजगार दे सकता है बल्कि उन्हें नए उद्यम खड़े करने के लिए प्रेरक भी बन सकता है। उद्यम के प्रति अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए सरकार शिद्दत से काम कर रही है। युवाओं को भी एक विजन के साथ इस अभियान से जुड़ना चाहिए उनके लिए असीम संभावनाएं।

हमारे देश से हर साल बड़ी संख्या में युवा विदेशों में जा रहे हैं, लेकिन इनमें से अधिकतर अकुशल हैं और उन्हें बाहर जाकर छोटे–मोटे काम धंधे करने पड़ते हैं। इस स्थिति में उनका आर्थिक शोषण होता है। उन्हें गलत तरीके से बाहर जाने के रास्ते अख्तियार करने पड़ते हैं।

सरकार पढ़े–लिखे कुशल युवाओं को विदेशों में रोजगार के लिए तैयार करने पर भी गंभीरता से विचार कर रही है। इसमें श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को भी दायित्व दिया गया है। इसके अंतर्गत हम जर्मन, जापानी और अंग्रेजी भाषा के कोर्स करवा रहे हैं।

जापानी भाषा के प्रति विद्यार्थियों का काफी रुझान है पिछले दिनों जापान के एक प्रतिनिधिमंडल ने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का दौरा भी किया। दरअसल जापान में वृद्धों की देखभाल के लिए ऐसे युवाओं के बहुत ज्यादा आवश्यकता है, जो जापानी भाषा का ज्ञान रखते हों। उसी हिसाब से हम युवाओं को तैयार कर रहे हैं।

विदेशों में इन भाषाओं के ज्ञाताओं की काफी मांग है। सरकार ने इन विद्यार्थियों के लिए छह लाख तक की वार्षिक आय वाले परिवारों के विद्यार्थियों के लिए फॉरन लैंग्वेज सर्टिफिकेशन टेस्ट का खर्च भी खुद उठाने का फैसला लिया है। यह एक अच्छी पहल है।

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय हरियाणा सरकार की इन समस्त योजनाओं के क्रियान्वयन में अपनी क्षमताओं का पूरा इस्तेमाल करेगा। प्रदेश में कौशल का व्यापक प्रसार और उद्यमिता के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना हमारा लक्ष्य है। पूर्ण विश्वास है बजट में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी द्वारा किए गए इन प्रावधानों के शानदार परिणाम सामने आएंगे।

बेरोजगारी को समाप्त करने के लिए कौशल रूपी ब्रह्मास्त्र तो मिल गया है। अब युवाओं को प्रशिक्षण की आवश्यकता है कि आखिर वह इस ब्रह्मास्त्र का सदुपयोग अपने व्यक्तित्व के विकास और रोजगार के लिए कैसे करें। इसका जिम्मा श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय उठाएगा।

## थाना सिरसा कलार में त्योहारों को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न

कुठौंद जालौन, थाना सिरसा कलार प्रभारी निरीक्षक दिव्य प्रकाश तिवारी के द्वारा त्यौहारों को देखते हुए ग्राम प्रधानों व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों को बुलाकर पीस कमेटी की बैठक बुलाई गई बैठक मैं बोलते हुए थानाध्यक्ष सिरसा कलार दिव्य प्रकाश तिवारी ने कहा की सभी प्रधान व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति होली के त्यौहार को शांति पूर्वक एवं आपसी सौहार्द और एक दूसरे के सम्मान को देखते हुए शांति पूर्वक त्योहार मनाएं अगर किसी भी उपद्रवी द्वारा अगर शांति व्यवस्था भंग की जाती है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी उन्होंने वहां उपस्थित ग्राम प्रधानों से कहा आप लोग भी अपने अपनी ग्राम पंचायतों में शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें जिससे शांति पूर्वक त्योहार मनाए जा सके और शांति व्यवस्था भंग ना हो बैठक में उपस्थित सभी प्रधानों व गणमान्य व्यक्तियों सभी ने कहा कि त्यौहार आपस में प्रेम भाव बढ़ाने के लिए होते हैं तो सभी लोग हंसी–खुशी से त्यौहार मनाए किसी भी प्रकार की शांति व्यवस्था में भंग ना डालें थाना अध्यक्ष दिव्या प्रकाश तिवारी ने वहां उपस्थित सभी प्रधानों व क्षेत्र से आए हुए गणमान्य व्यक्तियों से कहा कि हमारी जरूरत जब भी पढ़े आप तुरंत फोन करें जिससे समय पर पहुंचकर शांति व्यवस्था कायम की जा सके



## जनपदीय पुलिस की बड़ी कार्यवाही 26 लोग गिरफ्तार

गोंडा दिनांक 24,2,2023 को जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलो में शान्ति भंग की आशंका के मद्देनजर जनपद के विभिन्न थानों से कुल–26 व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा–151/107/116 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया तथा भारी से भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया। 06 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार– गोण्डा। पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में चलाए जा रहे वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान में जनपद गोंडा के थाना वजीरगंज पुलिस ने 03, थाना छपिया पुलिस ने 01, थाना खरगूपुर पुलिस ने 01, थाना कोतवाली नगर पुलिस ने 01 वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना कर दिया गया।अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध जनपदीय पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही–1. थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही–01. अर्जुन पुत्र बाबूलाल साकिन खिरिया थाना वजीरगंज गोण्डा के कब्जे से 10 ली0 कच्ची शराब बरामद कर मु0अ0सं0– 103/23, धारा 60 आबकारी अधि0 के तहत अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।2. थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही–

01. ननकने कश्यप पुत्र रामछत्तर कश्यप निवासी ग्राम रामनगर झिन्ना थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा के कब्जे से 10 ली0 अवैध कच्ची शराब बरामद कर मु0अ0सं0– 57/23, धारा 60 आबकारी अधि0 के तहत अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

## गोंडा भारत के आन बान शान के प्रतीक संत गाडगे महाराज को पुष्प अर्पित कर मनाई गई 147 वीं जयंती'



गोण्डा। मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर नारायनपुर ईधा में हर वर्ष की भाति जिला महासचिव सुरेश कुमार कनौजिया, जिला अध्यक्ष राधेश्याम कनौजिया ने इस वर्ष भी स्वच्छता शैक्षिक क्रांति और मानवता के महानायक बोधिसत्व संत गाडगे जी को पुष्प अर्पित करके 147 वीं जयंती मनाई गई कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रिजराज माली ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नंद किशोर वर्मा (टैक्स एडवोकेट) रहे विशिष्ट अतिथि के रूप सविता वर्मा(वरिष्ठ सामाजिक कार्यकत्री रही। संचालन राजकिशोर मौर्य ने किया

भारत के आन बान शान थे संत गाडगे सविता वर्मा ने कहा कि अपने जीवन मे उन्होंने 50 से भी अधिक संस्थानो की स्थापना करायी धर्मशाला, छात्रावास,अस्पताल, वृद्धाआश्रम आदि का निर्माण करवाया व राम कुमार राव ने कहा की समाज में व्याप्त कुरीतियों में शराब पीना मांस खाना सबसे बड़ी बुराई थी जिसका कारण अज्ञानता थी इसे दूर करने के लिए संत गाडगे (डेबू जी) ने अपना घर परिवार छोड़ दिया और सामाजिक कुरीतियों तथा व्याप्त असमानताओं के विरुद्ध संघर्ष करने लगे। नंद कुमार वर्मा ने कहा संत गाडगे महाराज जी के कार्यो के प्रशंसक की एक बार शिक्षा पर जोर देते उन्होंने कहा कि यदि पढ़ाई के लिए पैसा नहीं है तो घर की थाली बेच दो और रोटी हाथ पर रख कर खाओ क्योंकि शिक्षित होने के बाद यही बच्चा देश को बदल देगा।

सभी मुख्यवक्ताओ ने अपनी अपनी बात रखी। कार्यक्रम में उपस्थित खुशबू कनौजिया बजरंगी कनौजिया, शिव कुमार कनौजिया, कप्तान सिंह मुकेश कुमार कनौजिया मेवालाल राज कुमार कनौजिया सुरेश कुमार कनौजिया हरिहर कनौजिया विजय कनौजिया रवि कनौजिया राधेश्याम कनौजिया सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

**झुग्गी झोपड़ी**

सत्वाधिकार, मुद्रक एवं प्रकाशक संजय कुमार यादव द्वारा रमा प्रिंटिंगप्रेस 53/25/1ए, बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित रहीमाबाद पोस्ट कटहुला गौसपुर जिला प्रयागराज तहसील सदर से प्रकाशित

सम्पादक संजय कुमार यादव

RNINo.: UPHIN/2015/63182

दूरभष : 0532–2618074

मोबाईल : 9918366626

डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23

e-mail: Jhuggijhopari@gmail.com

Website- www.Jhuggijhopari.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदाई तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगा